

या रक्ताम्बुजवासिनी विलासिनी चण्डांशु तेजस्विनी।
या रक्ता रुधिराम्बरा हरिसखी या श्री मनोल्हादिनी॥
या रत्नाकरमन्थनात्प्रगटिता विष्णोस्वया गेहिनी।
सा मां पातु मनोरमा भगवती लक्ष्मीश्च पद्मावती॥

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 38 | अंक 86 | जयपुर, शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥





उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।



पेज-5 टी-20 वर्ल्ड कप: भारत की...

किसानों के लिए सुनहरा मौका... पेज-6


# शराब समझकर खाना गर्म करने का फ्यूल पी गए, 4 की मौत

## मरने वालों में तीन महिलाएं भी, भीलवाड़ा जिले में हुआ हादसा



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** भीलवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर है जहां एक छोटी सी गलती ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। गंगापुर थाना क्षेत्र के अलौली गांव में 4 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मृतकों ने जिसे शराब समझकर पिया था, वह शादियों में खाना गर्म रखने के लिए इस्तेमाल होने वाला मेथेनॉल कार्बनिक सॉल्ट था। जानकारी के अनुसार अलौली गांव की माधोपुर ढाणी के रहने वाले ये लोग 3 दिन पहले एक शादी समारोह में कैटरिंग और बर्तन साफ करने के काम पर गए थे। वहां उन्होंने 1 लीटर की बोतल में भरा मेथेनॉल देखा। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यह फ्यूल शादी में बर्तनों के नीचे खाना गर्म रखने के लिए जलाया जाता है। मजदूरों ने इसे शराब समझ लिया और अपने साथ घर ले आए। गुरुवार रात इसे पीने के कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई।

**मातम में बदली खुशियां:** जहरीले मेथेनॉल का असर इतना घातक था कि देखते ही देखते एक के बाद एक मौतें होने लगीं। देर रात तीन लोगों रतन कंजर, सुशीला देवी और जमनी देवी ने गंगापुर अस्पताल में दम तोड़ दिया वहीं चौथी महिला बदामी देवी ने भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### अंकलेश्वर से आता है सामान

एसपी सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा स्थित माहेश्वरी एसिड एंड केमिकल दुकान पर दबिश दी। जांच में सामने आया कि दुकानदार अनुज सोमानी गुजरात के अंकलेश्वर से 200 लीटर के ड्रम में यह मेथेनॉल फ्यूल मंगवाता था और फिर उसे 1-1 लीटर की बोतलों में कैटरिंग वालों को बेच देता था। पुलिस ने फिलहाल दुकान को सीज कर दिया है और रिकॉर्ड कब्जे में ले लिया है।

### प्रशासन अलर्ट, गांव में सर्वे शुरू

घटना के बाद जिला कलेक्टर जसमीत सिंह और एसपी खुद अलौली गांव पहुंचे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को पूरे गांव का हेल्थ सर्वे करने के निर्देश दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी और ने भी तो यह जहरीला पदार्थ नहीं पिया। एफएसएल की टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है।

# केरल विस चुनाव की कमान चेन्नीथला को

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** कांग्रेस ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए दो प्रमुख कमेटियां बनाई हैं। कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला को कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। सांसद शशि थरूर को सह अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। थरूर की यह नियुक्ति खास इसलिए है क्योंकि कुछ दिन पहले उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा था कि सब ठीक है और हम सब एक ही पेज पर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमिटी की कैंपेन कमिटी और मेनिफेस्टो कमिटी के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पार्टी के बयान में यह जानकारी दी गई। कैंपेन कमेटी के संयोजक कांग्रेस सांसद शफी परंबिल होंगे। सदस्यों में हिबी ईडन, रोजी एम जॉन, सी आर महेश, मैथ्यू कुज्हालनंदन, राम्या हरिदास, एम लिजू और दीप्ति मैरी वर्गीज शामिल हैं।

# डार्क प्रिंस बनेंगे बांग्लादेश के पीएम

- 35 साल बाद देश में पुरूष प्रधानमंत्री
- चुनाव में सीटों को दोहरा शतक जमाया




**ढाका, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी ने 299 सीटों में से 209 हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 286 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 70 सीटें मिली हैं। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने ढाका-15 सीट से जीत दर्ज की है। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनी है। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और बीनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। वे पिछले साल दिसंबर में 17 साल बाद देश लौटे थे। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

### अहम माना जा रहा है यह चुनाव

**बांग्लादेश में 2024 के बड़े आंदोलन के बाद 12 फरवरी को पहली बार राष्ट्रीय चुनाव हुए। इसे देश की राजनीति के लिए बहुत अहम माना जा रहा है। ये चुनाव अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस की निगरानी में कराए गए। इस बार लोगों ने दो तरह से वोट डाले। एक वोट नई संसद चुनने के लिए और दूसरा वोट संविधान में होने वाले बदलावों यानि जुलाई चार्टर पर अपनी राय देने के लिए।**

### शेख हसीना ने चुनाव को बताया दिखावा

**दूसरी तरफ अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं मिली। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जो इस समय देश से बाहर हैं, उन्होंने इस चुनाव को सिर्फ एक दिखावा बताया है।**

### नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में हुए संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की बड़ी जीत पर पार्टी नेता तारिक रहमान को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह जीत तारिक रहमान के नेतृत्व पर बांग्लादेश की जनता के भरोसे को दिखाती है। भारत हमेशा एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और सबको साथ लेकर चलने वाले बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह तारिक रहमान के साथ मिलकर भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को और मजबूत करने और दोनों देशों के साझा विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने को लेकर उत्सुक हैं।

### एफएसएल रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# साध्वी प्रेम बाईसा की मौत जहर से नहीं

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जोधपुर, 13 फरवरी।** जोधपुर जिले के पाल गांव स्थित आश्रम में साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत के मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। पिछले 11 दिनों से जिस फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट (एफएसएल) का इंतजार किया जा रहा था, वह अब आ चुकी है। इस रिपोर्ट ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है जिनमें जहर दिए जाने की आशंका जताई जा रही थी। बीती 28 जनवरी को पाल गांव आश्रम में साध्वी प्रेम बाईसा की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया और विसरा जांच के लिए सैंपल भेजे थे।



### रिपोर्ट में क्या निकला

**करीब 11 दिनों के इंतजार के बाद आई एफएसएल रिपोर्ट में किसी भी प्रकार के जहर की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार शरीर में किसी भी तरह के अप्राकृतिक कारणों के संकेत नहीं मिले हैं। इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने आश्रम के सीसीटीवी फुटेज और वहां मौजूद लोगों के बयानों की गहनता से पड़ताल की थी। शुरुआती जांच में किसी बाहरी हस्तक्षेप या साजिश के सबूत नहीं मिले हैं।**

# दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** दिल्ली के 3 स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। इसके बाद अधिकारियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। दिल्ली फायर सर्विसेज के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इनमें से एक स्कूल सेंट्रल दिल्ली के झंडेवालान इलाके में बीटी तमिल स्कूल है। इस स्कूल ने सुबह करीब 9.12 बजे डीएफएस को धमकी की सूचना दी थी। एक और स्कूल ने पेरेंट्स को मैसेज भेजकर इसकी जानकारी दी। सभी स्कूलों को खाली करा लिया गया है। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# रैपिडो बाइक ड्राइवर ने युवती से की छेड़छाड़

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** राजधानी जयपुर में रैपिडो बाइक ड्राइवर के युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। गलत रुट पर सुनसान जगह ले जाते देख युवती के विरोध करने पर बाइक राइडर ने धमकाया। शोर मचाने पर इकट्ठा होते लोगों को देखकर बाइक लेकर आरोपी राइडर फरार हो गया। भांकरोटा थाने में पीड़िता ने रैपिडो बाइक ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर की रहने वाली 27 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके साथ रैपिडो बाइक ड्राइवर ने छेड़छाड़ की। गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे घर से प्रताप नगर जाने के लिए रैपिडो बाइक बुक की थी। बाइक राइडर ने उसे बैठाकर प्रताप नगर के लिए रवाना हो गया। रास्ते में दूसरे रूट पर ले गया। विरोध करने पर धमकाते हुए नेवटा गांव में सुनसान जगह ले गया। रोकने की कोशिश करने पर बार-बार धमकी देता रहा। रास्ते में एक कंपनी के कुछ कर्मचारियों को देखकर शोर मचाया। लोगों के इकट्ठा होकर आते देखकर आरोपी रैपिडो ड्राइवर उसे उतारकर भाग निकला। भांकरोटा थाने में पीड़ित युवती ने रैपिडो ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# भारत को राहत, कपड़ों पर जीरो फीसदी टैरिफ

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता के बीच भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिया है कि अंतिम व्यापार समझौते में भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को भी बांग्लादेश जैसी शून्य टैरिफ की सुविधा मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में जारी अंतरिम व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के बीच शर्तों को लेकर चर्चा जारी है। इससे पहले अमेरिका ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया था जिससे निर्यातक को राहत मिली थी लेकिनए इस बीच खबर आई कि अमेरिका ने बांग्लादेश को विशेष छूट दी है जिससे वहां से अमेरिकी कपास से बने वस्त्रों के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसी वजह से भारतीय निर्यातकों में चिंता बढ़ गई थी।

### क्या मिली है बांग्लादेश को सुविधा

**पीयूष गोयल ने साफ कहा कि जिस तरह बांग्लादेश को यह सुविधा दी गई है कि अगर वह अमेरिका से कच्चा माल खरीदकर कपड़ा तैयार करे और फिर उसे अमेरिका में निर्यात करे तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। वैसे ही भारत को भी यह सुविधा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान पिछले सप्ताह जारी अंतरिम समझौते के फ्रेमवर्क में शामिल नहीं है लेकिन इसे अंतिम समझौते में जोड़ा जा सकता है। उनके अनुसार अभी व्यापार समझौता अंतिम रूप में नहीं है और जब पूरी तरह तैयार हो जाएगा तब इसकी सभी शर्तें स्पष्ट हो जाएंगी।**

### कांग्रेस के आरोपों पर जवाब

**इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा था कि यह समझौता डोनल्ड ट्रंप के सामने भारत का आत्मसमर्पण है और इससे बांग्लादेश को भारत से ज्यादा फायदा मिला है। गोयल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संसद में गलत जानकारी फैलाई गई है। उनका कहना है कि भारत को भी वही सुविधा मिलेगी जो बांग्लादेश को दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अंतिम समझौते में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।**

# कार टकराई बाइक से, सात की मौत

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां शुक्रवार सुबह ग्रामीण जिले होसकोटे के बाहरी इलाके में चेन रोड एक्सीडेंट में करीब सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह एक्सीडेंट होसकोटे-डबासपेट नेशनल हाईवे पर एम सत्यवारा गांव के पास हुआ। होसकोटे से देवनहल्ली की तरह जा रही कार मोटरसाइकिल से टकरा गई। मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कार ड्राइवर का कंट्रोल खो गया और गाड़ी एक कैंटर से जाकर टकरा गई। कार, मोटरसाइकिल और कैंटर की टक्कर में एक और कार शामिल हो गई। होसकोटे-डबासपेट नेशनल हाईवे पर चार वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। कार और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद कैंटर भी टकरा गया और बाद में एक और कार इस हादसे की चपेट में आ गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की खबर सामने आई है। शवों को होसकोटे सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# राज्य में बारिश के आसार

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** राज्य में मौसम फिर बदल सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले सप्ताह एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है। इससे हल्की बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को हल्के बादल छाने से तापमान में गिरावट हुई। इससे सुबह-शाम सर्दी महसूस हुई। सीकर, चूरू, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। पिछले 24 घंटे में सभी जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से बादल छाए लेकिन सिस्टम कमजोर होने और ह्यूमिडिटी का लेवल कम होने से बारिश नहीं हुई। बादलों के बीच कुछ शहरों में हल्की ठंडी हवाएं चली जिससे तापमान में गिरावट हुई। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हुई। शेखावाटी में पारा 4 डिग्री तक गिर गया। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5.9, चूरू में 9.4, सीकर में 9.5, करौली, पाली में 9.6 और लूणकरणसर में 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, बाड़मेर, फलोदी, जालौर, प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

# शेयर बाजार में ब्लैक फ्राईडे



**मुंबई, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** शेयर बाजार के लिए शुक्रवा का दिन ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ। गुरुवार को आईटी शेयरों में भारी गिरावट का असर कुछ ऐसा रहा कि आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बेचमार्क इंडेक्स गोता लगाते दिखे। सुबह करीब 9.45 बजे सेंसेक्स 844.58 पॉइंट्स या 1.01 परसेंट गिरकर 82830.34 पर कारोबार करता नजर आया जबकि निफ्टी 260.80 पॉइंट्स या 1.01 परसेंट लुढ़ककर 25,546.40 पर आ गया। ग्लोबल मार्केट में कमजोरी के चलते शुक्रवार को इंडियन इक्विटी बेंचमार्क में गिरावट जारी रही क्योंकि टेक्नोलॉजी स्टॉक्स में लगातार बिकवाली का निवेशकों के सेंटिमेंट्स पर असर पड़ा है। ब्रॉडर मार्केट में भी दबाव का माहौल रहा। इस दौरान निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 1 परसेंट और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 1.3 परसेंट गिरा

**आईटी स्टॉक्स में बड़ी गिरावट:** सेक्टर के हिसाब से बात करें तो निफ्टी आईटी इंडेक्स में 5 परसेंट की बड़ी गिरावट देखी जा रही है। सबसे ज्यादा नुकसान इनफोसिसे को हुआ है। इसके शेयरों में 5.6 परसेंट की गिरावट आई है। टीसीएस, एचसीएल टेक, कोफोर्ज और विप्रो भी बड़े लूजर्स वाले स्टॉक्स में शामिल रहे जिससे ओवरऑल मार्केट की कमजोर और बढ़ गई।

# अब रूस से 10 हजार करोड़ का रक्षा सौदा

## एस-400 के लिए 288 मिसाइलों की होगी खरीद

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** देश की सुरक्षा ताकत को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को बड़ा फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय की रक्षा खरीद परिषद ने रूस से एस-चार सौ वायु रक्षा प्रणाली के लिए 288 मिसाइलें खरीदने की मंजूरी दे दी है। इस सौदे की कीमत करीब दस हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसी बैठक में फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान और अमेरिका से छह समुद्री निगरानी विमान खरीदने पर भी मुहर लगी है। इन समुद्री निगरानी विमानों का सौदा करीब तीस हजार करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। इस बैठक में कुल मिलाकर करीब तीन लाख साठ हजार करोड़ रुपए के रक्षा प्रस्तावों को



मंजूरी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-चार सौ प्रणाली से कई मिसाइलें दागी गई थीं जिससे मौजूदा भंडार कम हो गया था। इसी कमी को पूरा करने के लिए अब नई मिसाइलें खरीदी जा रही हैं। इस सौदे के तहत 120 छोटी दूरी और 168 लंबी दूरी की मिसाइलें ली जाएंगी। इन्हें तेज प्रक्रिया से खरीदा जाएगा ताकि यह प्रणाली जल्दी फिर से पूरी ताकत में आ सके। सरकार ने यह फैसला ऐसे समय लिया है जब रूस से इसी साल जून और नवंबर में एस-चार सौ के दो बचे हुए दस्ता भारत को मिलने वाले हैं।

### चार तरह की मिसाइलें होंगी शामिल

रिपोर्ट के अनुसार एस-चार सौ के लिए 400 किलोमीटर, 200 किलोमीटर, 150 किलोमीटर और 40 किलोमीटर दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें खरीदी जाएंगी। ये सभी जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें होंगी। इन्हीं मिसाइलों की मदद से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 314 किलोमीटर अंदर तक निशाना लगाया गया था जिसके बाद पाकिस्तान को अपना हवाई अड्डा रावलपिंडी से दूसरी जगह ले जाना पड़ा था।

### पांच और दस्ता लेने की तैयारी

ऑपरेशन सिंदूर में एस-चार सौ की कामयाबी से भारतीय सेना काफी उत्साहित है। सेना अब इस प्रणाली के पांच और दस्ते खरीदने की बात कर रही है। इसके साथ ही रूस से पैंटसर छोटी दूरी की रक्षा प्रणाली लेने पर भी विचार चल रहा है। अगर ये सौदे पूरे हो जाते हैं तो भविष्य में भारत के पास एस-चार सौ के कुल दस दस्ते हो जाएंगे।

# साइबर जालः सावधान... फास्टेग एनुअल पास के नाम गूगल पर नंबर-1 वेबसाइट भी हो सकती है फर्जी

## राजस्थान पुलिस की सख्त चेतावनी कोड स्कैन करते ही खाली हो सकता है बैंक खाता

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** यदि आप अपने वाहन के लिए एनएचएआई फास्टैग एनुअल पास बनवाने की सोच रहे हैं, तो सतर्क हो जाइए। साइबर ठगों ने अब एनएचएआई की हूबहू नकल कर लोगों को ठगने का नया तरीका अपना लिया है। महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) संजय अग्रवाल ने एडवाइजरी जारी कर आमजन को इस नए फिशिंग स्कैम के प्रति आगाह किया है।




### गूगल पर टॉप रिजल्ट भी हो सकता है जाल

डीजीपी ने बताया कि साइबर अपराधी अब गूगल एड और एसईओ तकनीक का इस्तेमाल कर अपनी फर्जी वेबसाइटों को सर्च इंजन में सबसे ऊपर दिखा रहे हैं। आमतौर पर लोग गूगल पर दिखाई देने वाले पहले लिंक को असली मान लेते हैं, जबकि ठग स्पोंसर टैग के जरिए अपनी नकली साइट को ऊपर प्रदर्शित कर देते हैं। इन वेबसाइटों का डिजाइन और लोगो असली एनएचएआई पोर्टल जैसा होता है, जिससे असली-नकली की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

### फास्टैग कोड स्कैन करते ही खाते से उड़ जाते हैं पैसे

एडवाइजरी के अनुसार फर्जी वेबसाइटें वार्षिक पास के नाम पर करीब 3000 रुपये का भुगतान मांगती हैं। भुगतान के लिए कोड दिया जाता है। जैसे ही व्यक्ति उसे स्कैन करता है, राशि सरकारी खाते में जाने के बजाय ठगों के म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर हो जाती है।

### असली और नकली में ऐसे करें फर्क

- पास खरीदने या नवीनीकरण के लिए केवल राजमार्ग यात्रा के आधिकारिक मोबाइल अनुप्रयोग या अधिकृत बैंक पोर्टल का ही उपयोग करें।
- वेबसाइट का पूरा पता सावधानी से जांचें। संदिग्ध वेब लिंक से दूर रहें।
- क्यूआर कोड स्कैन करते समय यदि किसी व्यक्ति विशेष का नाम दिखाई दे, तो तुरंत भुगतान रोक दें।
- किसी भी संदिग्ध लिंक के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें।
- यदि आप किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें।

# किसानों के लिए आमदनी की संभावनाओं के द्वार खोलेगा आंवला

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** जयपुर जिले में कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा आज दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। एक जिला-एक उपज आंवला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम होगा। यह सम्मेलन किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करण इकाइयों और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां आंवला उत्पादन से जुड़े विभिन्न आयामों पर संवाद स्थापित होगा तथा उत्पादकों को विपणन के नए अवसर प्राप्त होंगे। सम्मेलन में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक किसान, क्रेता, एफपीओ प्रतिनिधि, व्यापारी एवं कृषि उद्यमी भाग लेंगे। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कृषि उत्पादों की विशिष्ट पहचान को बढ़ावा देने के लिए जयपुर जिले की पंच गौरव उपजों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इन स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक कृषि उत्पादों के साथ-साथ उनके मूल्यवर्धित स्वरूप को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार विस्तार को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि प्रदर्शनी में आंवला से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों जैसे मुरब्बा, कैंडी, जूस, चूर्ण और औषधीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# सख्त पहलः प्रशासनिक सुधार कर 2027 तक सभी सरकारी सेवाएं होंगी ऑनलाइन

## कार्यालय प्रक्रिया नियमावली की 3 माह में समीक्षा के निर्देश

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेक्रेटरीज के ग्रुप-6 'शासन एवं प्रौद्योगिकी' की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा प्रशासनिक तंत्र को अधिक समन्वित, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सफल प्रशासनिक मॉडल की तर्ज पर प्रदेश में जन-केंद्रित सुशासन की ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जो भविष्य के लिए तैयार, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस वाली, अधिक जवाबदेह और आमजन को सशक्त बनाने वाली हो।




**चिंतन शिविर होंगे आयोजित :** मुख्य सचिव ने नेक्स्ट जनरेशन एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स के तहत केंद्र सरकार की तर्ज पर चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। इन शिविरों में न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, फाइल मूवमेंट में अनावश्यक विलंब की रोकथाम, प्रत्येक स्तर पर न्यूनतम समय में निस्तारण एवं फॉरवर्डिंग की व्यवस्था, प्रक्रियाओं के चरणों को कम करने तथा सेवा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र के सफल मॉडल का अनुसरण करते हुए सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेक्रेटरीज की अवधारणा लागू की है। यह पहल जन-केंद्रित सुशासन की भावना से प्रेरित है, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्ष सेवा वितरण को प्राथमिकता दी गई है।

## हैल्प लाइन

**अग्निशमन केंद्र**

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

**ट्यूरिस्ट पैलेस**

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

**पुलिस**

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

**दुर्घटना सेल**

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

**सांस्कृतिक केन्द्र**

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

### विद्युत निगम तकनीशियन भर्ती

# मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी, 23 फरवरी को ऑनलाइन परीक्षा

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** राजस्थान के विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई), ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई) और प्लांट अटेंडेंट-तृतीय (आईटीआई) के 2163 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन मुख्य परीक्षा 23 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा राज्य के 11 जिलों में दो पारियों में होगी।

मुख्य परीक्षा की समयावधि दो घंटे निर्धारित की गई है, जिसमें 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। गलत उत्तर देने पर नकारात्मक अंकन का प्रावधान भी रहेगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल और ईमेल के माध्यम से भी सूचना भेजी गई है। भर्ती की नोडल एजेंसी राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने बताया कि परीक्षा में नकल और अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए इस बार कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पहली बार अभ्यर्थियों का आधार से सत्यापन किया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे परीक्षा की निरंतर वीडियो रिकॉर्डिंग होगी।

# वैर क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर होगी सख्त कार्रवाईः वन एवं पर्यावरण मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने विधानसभा में स्पष्ट कहा कि वैर विधानसभा क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों द्वारा क्रेशर संचालन से जुड़े नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच की जाती है। प्रश्नकाल के दौरान विधायक बहादुर सिंह के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि क्रेशर मशीन संचालन के स्पष्ट मानक निर्धारित हैं। इकाइयों के लिए कन्वेयर बेल्ट को ढकना, परिसर में नियमित सफाई रखना, विंड ब्रेकिंग वॉल बनाना, धूल नियंत्रण हेतु पानी का छिड़काव करना तथा ग्रीन बेल्ट विकसित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करने पर संबंधित इकाई को नोटिस जारी कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए जाते हैं। दोबारा दोषी पाए जाने पर क्लोजर नोटिस जारी कर 'कंसेंट टू ऑपरेट' निरस्त करते हुए क्रेशर बंद कर दिया जाता है। वैर विधानसभा क्षेत्र में 62 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन अब 21 फरवरी को

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

जयपुर, 13 फरवरी। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी के बजाय 21 फरवरी को किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 के स्थान पर अब 21 फरवरी 2026 को किया जायेगा।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं सख्त निगरानी में हुई शुरू, 19 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल

## 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम, अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की मुख्य परीक्षा-2026 गुरुवार से प्रदेशभर में कड़ी निगरानी और व्यापक व्यवस्थाओं के बीच विधिवत प्रारम्भ हो गई। इस वर्ष माध्यमिक स्तर पर 10 लाख 68 हजार 78, उच्च माध्यमिक स्तर पर 9 लाख 9 हजार 87, प्रवेशिका में 7 हजार 811 तथा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 4 हजार 122 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। पहले दिन माध्यमिक वर्ग में अंग्रेजी अनिवार्य तथा उच्च माध्यमिक वर्ग में मनोविज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व बोर्ड परिसर में पूजा-अर्चना कर व्यवस्थाओं का शुभारंभ किया गया। बोर्ड प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ तथा विशेषाधिकारी परीक्षा नीतू यादव ने केन्द्रीय परीक्षा कंट्रोल रूम एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

### कभी भी हो सकता है औचक निरीक्षण

सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय केन्द्रीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। वहीं विशेषाधिकारी परीक्षा नीतू यादव ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। वित्तीय सलाहकार कृष्ण पाल सिंह एवं सहायक निदेशक राजीव चतुर्वेदी ने गुजराती उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा तथा राजकीय मोईनिया इस्लामिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

### आगामी परीक्षाएं

घोषित समय-सारिणी के अनुसार 10वीं बोर्ड की 14 फरवरी को विभिन्न व्यावसायिक विषयों की परीक्षा आयोजित होगी, जिनमें ऑटोमोटिव, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य देखभाल, सूचना प्रौद्योगिकी, फुटकर बिक्री, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, निजी सुरक्षा, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, कृषि, प्लम्बर, टेलिकॉम, बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस एंड इंश्योरेंस, कंस्ट्रक्शन तथा फूड प्रोसेसिंग शामिल हैं।

12वीं बोर्ड की 13 फरवरी को अंग्रेजी अनिवार्य तथा 14 फरवरी को लोक प्रशासन विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा संचालन की निगरानी हेतु बोर्ड कार्यालय में कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है।

## देवली में एसीजेएम तथा एडीजे कोर्ट की स्थापना वित्तीय उपलब्धता के आधार पर

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड देवली में स्थापित अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (एसीजेएम) में क्रमोन्न करने का निर्णय राजस्थान उच्च न्यायालय से प्रस्ताव प्राप्त होने तथा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवली में संचालित अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय के कैम्प कोर्ट को नियमित अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय (एडीजे) में स्थापित करने का निर्णय भी राजस्थान उच्च न्यायालय से प्रस्ताव प्राप्त होने पर वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। इससे पहले विधायक राजेन्द्र गुर्जर द्वारा इस संबंध में पूछे गए मूल प्रश्न के लिखित जवाब में विधि एवं विधिक कार्य मंत्री ने बताया कि उपखण्ड देवली में स्थापित अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में क्रमोन्न करने का प्रस्ताव राजस्थान उच्च न्यायालय से प्राप्त होने पर वित्तीय संसाधन की उपलब्धता नहीं हो सकने के कारण नहीं किया जा सका।

## मनोहरथाना के ग्राम ल्हासा में खुलेगी पुलिस चौकी: गृह राज्य मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के ग्राम ल्हासा में पुलिस चौकी खोलने की घोषणा वर्ष 2026-27 की बजट में की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के अंतर्गत ग्राम गेहूंखेड़ी में पुलिस चौकी एवं चुरेलिया व गुराड़ी में नवीन पुलिस थाना खोलने पर भविष्य में क्षेत्र की जरूरतों के आधार पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इससे पहले विधायक गोविन्द प्रसाद के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने बताया कि नवीन पुलिस चौकी को खोलने का प्रस्ताव क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, सांप्रदायिक स्थिति, कानून व्यवस्था, सामरिक महत्व, वृद्ध लघु औद्योगिक इकाइयों, धार्मिक पर्यटक स्थलों तथा प्रस्तावित पुलिस थाना व चौकी के क्षेत्र में गत 3 वर्षों का अपराध विवरण आदि की जानकारियां प्राप्त कर नियमानुसार एवं आवश्यकतानुसार किया जाता है।

## स्टेट टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर दायरे में रहने वालों के लिए मासिक पास का प्रावधान: उपमुख्यमंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार के नियंत्रण वाले टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए रियायती मासिक पास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि राज्य में हल्के मोटर वाहनों को टोल मुक्त किए जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सदस्य विक्रम बंशीवाल द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए सदन को अवगत कराया कि राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के अतिरिक्त कुल 83 सड़कों पर टोल वसूला जा रहा है। इनमें राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 27, आरएसआरडीसी द्वारा 39, रिडकोर द्वारा 13 एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 4 सड़कों पर टोल संग्रहण किया जा रहा है। विधायक बंशीवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की अधिसूचना 14 मई 2018 के अंतर्गत केवल निजी वाहनों (नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहनों) को टोल मुक्त किया गया था, जिसको राज्य सरकार के नीतिगत निर्णय के अनुसार 31 अक्टूबर 2019 को निरस्त कर दिया गया था।

## सपोटरा के कुड़गांव में बनेगा प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में बताया कि सपोटरा क्षेत्र के कुड़गांव स्थित पशु चिकित्सा केंद्र को वर्ष 2024-25 में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया जा चुका है। चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है और आगामी वित्तीय वर्ष में संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर बजट स्वीकृत किया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान हंसराज मीना के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि करौली जिले के करौली और टोडाभीम ब्लॉक में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय संचालित हैं, जबकि नादौती और सपोटरा ब्लॉक में ब्लॉक वेटेरिनरी हेल्थ ऑफिस कार्यरत हैं। वर्तमान में इन क्षेत्रों में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर संबंधित क्षेत्रों में सर्वे कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में 3 ब्लॉक वेटेरिनरी हेल्थ ऑफिस, 2 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, 11 पशु चिकित्सालय और 50 उपकेंद्र सहित कुल 66 पशु चिकित्सा संस्थाएं स्वीकृत हैं।

## जनजातीय व सीमावर्ती इलाकों में चिकित्सा पदों पर प्राथमिकता से भर्ती: स्वास्थ्य मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 50 हजार कार्मिकों की भर्ती का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक करीब 29 हजार राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों को नियुक्ति दी जा चुकी है।



# आज का राशिफल

शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026

- **मेष :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी धार्मिक कामों में काफी रुचि रहेगी। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे।
- **वृष :** दिनभर सक्रियता बनी रहेगी। बड़ों का आशीर्वाद और सलाह आपके लिए लाभकारी रहेगी। घर में धार्मिक कार्य या पूजा पाठ का योग है। वित्तीय काम समय पर पूरे करने से राहत मिलेगी। किसी बाहरी व्यक्ति की दखल से घर की शांति प्रभावित हो सकती है।
- **मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको बड़ों का आदर व सम्मान करना होगा। पिताजी आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।
- **कर्क:** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को भी काफी हद तक दूर करने की कोशिश करेंगे। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी
- **सिंह:** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। निजी मामलो में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बनने में कामयाब रहेंगे।
- **कन्या :** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपका कोई अटकी हुई डील थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। राजनीतिक और कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।
- **तुला :** आज का दिन आपके लिए करियर के मामले में अच्छा रहने वाला है। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी काम को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।
- **वृश्चिक :** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आप किसी से धन उधार लेने से बचें, नहीं तो बाद में समस्या खड़ी हो सकती है।
- **धनु:** आज का दिन नौकरी में प्रमोशन के लिए बढ़िया रहेगा। आप अपने कामों से एक अच्छी जगह बनाएंगे, जिससे आपको तरक्की मिलेगी। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी, लेकिन इससे आपके कुछ शत्रु भी उत्पन्न हो सकते हैं।
- **मकर :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करें। यदि आपका कोई धन को लेकर काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है।
- **कुंभ :** आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में काम करने के लिए बेहतर रहेगा। कानूनी मामलों में आपको एक नई राह मिलेगी। आपके घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही आपके लिए समस्या बन सकती हैं।
- **मीनः** आज आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी काम में उसके नीति- नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप जल्दबाजी के कारण कोई गलत डिसीजन ले सकते हैं। आपको अपने भाई व बहनों से भी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

# नेशनल वेटलिफ्टिंग में तनिष्क शर्मा ने यूथ वर्ग में जीता कांस्य




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** इंडियन वेट लिफ्टिंग फैडरेशन के तत्वावधान में मोदीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित यूथ, जूनियर एवं सीनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ी तनिष्क शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। 94 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्क ने 127 किलोग्राम स्नैच और 146 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क सहित कुल 273 किलोग्राम वजन उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता 3 से 14 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के लगभग 900 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मीडिया कोऑर्डिनेटर नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि तनिष्क इससे पहले ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

तनिष्क वर्तमान में जयपुरिया विद्यालय में कक्षा 11 के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। तनिष्क के पिता अमित शर्मा स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक विजेता वेटलिफ्टर रह चुके हैं।

# पुलिस मुख्यालय में बैठकः पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए बनेगी पुख्ता कार्ययोजना



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस और पर्यटन विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन स्थलों पर बेहतर समन्वय, सुरक्षा प्रबंधन और आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

डीजीपी ने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्यटक सहायता बल को मजबूत करने, पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही विशेष प्रशिक्षण देकर कर्मियों को पर्यटक अनुकूल व्यवहार के लिए तैयार करने पर जोर दिया गया।

**धार्मिक स्थलों पर हों पुख्ता इंतजामः** धार्मिक स्थलों–खाटू श्यामजी, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी, रामदेवरा, गोगामेड़ी, पुष्कर, श्रीनाथद्वारा और सांवरियाजी–पर देवस्थान, पुलिस और प्रशासन के समन्वय से प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाटूश्यामजी मेले के मद्देनजर विशेष सहायता बूथ, हेल्पलाइन 112, राजकॉप सिटीजन एप और नियंत्रण कक्ष नंबर प्रदर्शित करने के लिए स्टेंडी लगाने को कहा गया।

**पर्यटन स्थलों पर लगें सीसीटीवी कैमरेः** बैठक में पर्यटन स्थलों पर अधिक सीसीटीवी कवरेज, शीर्ष पांच डेस्टिनेशन पर पर्यटन थाने, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डों पर पर्यटक सहायता बूथ, क्यूआर कोड युक्त सूचना प्रणाली तथा बहुभाषी साइन बोर्ड लगाने जैसे सुझावों पर भी चर्चा हुई। विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए भाषा विशेषज्ञों की सेवाएं लेने का प्रस्ताव भी रखा गया। डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा के साथ स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और त्वरित चिकित्सा सहायता भी पर्यटक अनुभव का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजट ग्रेड पे एवं पदोन्नति पर ठोस घोषणा का अभाव



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को कर्मचारियों की आशाओं और अपेक्षाओं के विपरीत बताते हुए गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के भविष्य, सम्मान और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी एसीपी, ग्रेड पे एवं पदोन्नति जैसी मूलभूत मांगों पर किसी ठोस निर्णय का अभाव सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल समितियों के गठन से समस्याओं का समाधान संभव नहीं है, क्योंकि पूर्व में गठित समितियों की रिपोर्टों पर आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि कर्मचारी संघ लंबे समय से वर्तमान 9–18–27 एसीपी व्यवस्था के स्थान पर 8–16–24–32 एसीपी लागू करने की मांग करता आ रहा है, ताकि कर्मचारियों को समयबद्ध आर्थिक उन्नयन का वास्तविक एवं न्यायसंगत लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले बजट में घोषित मंत्रालयिक निदेशालय के शीघ्र गठन से कर्मचारियों को बड़ी उम्मीदें थीं, किंतु अब तक इस दिशा में ठोस प्रगति का अभाव अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने मंत्रालयिक संवर्ग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी का ग्रेड पे 4200 किए जाने, कर्मचारियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित करने तथा संस्थापन अधिकारी से ऊपर दो नए पद सृजित कर उनके ग्रेड पे क्रमशः 7600 एवं 8700 तय करने की मांग दोहराई।

# विकास कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार



**जयपुर, 13 फरवरी।** राजस्थान की यशस्वी उपमुख्यमंत्री आदरणीय दिया कुमारी जी से शिष्टाचार भेंट कर वार्ड 12 के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भेंट के दौरान क्षेत्र में प्रस्तावित एवं प्रगतिरत विकास योजनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के ऐतिहासिक बजट के लिए उपमुख्यमंत्री महोदया का आभार व्यक्त किया गया। भेंट के दौरान वार्ड 12 की पूर्व चेयरमैन रश्मि सैनी एवं विद्याधर नगर विधानसभा संयोजक राजेंद्र करोड़िया भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है. **निविदा संख्याः मं. रे. प्र. टीआरडी-30-2025-26. कार्य का नामः** AII/TRD: Provision of Retractable OHE for Madar yard line no. 7 due to development of maintenance pit line for Vande bharat trains. **अनुमानित लागतः** Rs. 7,59,51,539.69/-. **बयाना राशिः** Rs. 5,29,800/-. **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समयः** 06.03.2026 को 15:00 बजे. **ई निविदायें खोलने की तिथि व समयः** 06.03.2026 को 15:30 बजे. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता **www.ireps.gov.in**

226-AR/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**आम सूचना** — **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : F-JDA/Zone 17/2025/D-25 दिनांक : 29.12.2025

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक **272668** दिनांक **18/12/2025** को निम्नांकित भूखण्ड का **Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)** जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NEETU JAIN W/o LT. SANJAY KUMAR JAIN एवं SAKSHI JAIN D/o LATE SANJAY KUMAR JAIN एवं VAIBHAVI JAIN D/o LT. SANJAY KUMAR JAIN एवं MANVI JAIN D/o LT. SANJAY KUMAR JAIN | संजय कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष अग्रवाल | G120 | 166.66 SQ. YARD | Private | EDEN GARDEN Sector / Block - |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : **Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)**

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : मृत्यु प्रमाण पत्र, आवंटन पत्र, साईट प्लान, एनओसी

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में **Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)** जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर **jda.rajasthan.gov.in** पर जाकर **Objection Module** के माध्यम से आपत्ति **Online** सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। **उपायुक्त, जोन 17**



**Gram Panchayat Beedsar, Panchayat Samiti Laxmangarh ( Sikar)**

क्रमांक - SPL-9 दिनांक - 12-02-2026

**Notice lnviting Open Bid**

Bids For Civil Works in GP Beedsar are invited 16.02.2026 Time 01.00 P.M. Other Particulars of the BID May be Visited on the Procurement Portal (https://sppp.raj.nic.in or https ://eproc.rajasthan.gov.in) of the State.

**UBIN NO. - PAT2526WSOB00360**

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बीडसर
पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बीडसर
पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर)


## आचार्य दयानंद भार्गव स्मृति समारोह में दर्शन और विज्ञान पर होगा मंथन

**जयपुर, 13 फरवरी।** आचार्य दयानंद भार्गव स्मृति समारोह 2026 का आयोजन 22 फरवरी, रविवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक किया जाएगा। समारोह का आयोजन महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जयपुर में होगा। कार्यक्रम में देशभर के विद्वान, शिक्षाविद और विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

संस्कृत और संस्कृति अतीत, वर्तमान और भविष्य इस अवसर पर आचार्य दयानंद भार्गव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशेष विमर्श आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र होंगे, जबकि अध्यक्षता उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय करेंगे। संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. एमएल भण्डारकर तथा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. लोकमान्य मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष बनाएगी। समारोह में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी सहित अनेक विद्वान अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। विभिन्न सत्रों में गीता, वेद, दर्शन, जैन दर्शन, साहित्य और श्रीअरविंद दर्शन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। द्वितीय सत्र में दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक आचार्य दयानंद भार्गव के जीवन, विचार और योगदान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समारोह में आमंत्रित विद्वान वक्ताओं द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर विचार रखे जाएंगे।

## आम बजट महज अफसरशाही का दस्तावेजः गिरिराज खंडेलवाल



**जयपुर, 13 फरवरी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे विजन का वैक्यूम और अफसरशाही का दस्तावेज करार दिया। खंडेलवाल ने कहा कि बजट भाषण में योजनाओं और आंकड़ों की भरमार तो थी, लेकिन वह राजनीतिक दृष्टि और जनभावनाओं की स्पष्ट छाप नजर नहीं आई, जो कठिन समय में प्रदेश को नई दिशा दे सके। उन्होंने आरोप लगाया कि यह दस्तावेज अधिकतर एक बैलेंस शीट की शैली में तैयार प्रतीत होता है, जिसमें नेतृत्व की बजाय प्रशासनिक तंत्र का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि अतीत में भी राजस्थान ने प्रभावशाली बजट देखे हैं। खंडेलवाल ने मध्यम वर्ग, गृह निर्माण सहकारी समितियों में व्याप्त अव्यवस्था, पत्रकारों के लिए ठोस पहल, कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा और शहरी बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि बेरोजगारों, महिलाओं, दिव्यांगों और मध्यम वर्ग के लिए स्पष्ट रोडमैप का अभाव निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि केवल आंकड़ों का संतुलन प्रदेश की तकदीर नहीं बदल सकता। राजस्थान को इस समय दूरदर्शी नेतृत्व, जनसंवाद और साहसिक विकास-रोडमैप की आवश्यकता है, ताकि बजट महज प्रशासनिक दस्तावेज न रहकर जनता की आकांक्षाओं का घोषणापत्र बन सके।


**विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें**

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

**अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।**


# सक्षम जयपुर अभियानः साथिनों को मिला योजनाओं का प्रशिक्षण, जमीनी स्तर पर बढ़ेगी जागरूकता



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 13 फरवरी।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा सक्षम जयपुर अभियान के तहत साथिनों के लिए एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत साथिनों को विभागीय योजनाओं, नियमों और अधिनियमों की अद्यतन एवं व्यावहारिक जानकारी देकर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है। उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार 12 फरवरी को पंचायत समिति मुख्यालय दूदू और बस्सी में कार्यशालाएं आयोजित की गई। इनमें दूदू, मौजमाबाद, फागी, माधोराजपुरा, बस्सी, तुंगा, आंधी और जमवारामगढ़ क्षेत्रों की साथिनों ने भाग लिया।

कार्यशालाओं में वर्क फ्रॉम होम योजना, मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना और कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभिन्न महिला हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही संबंधित अधिनियमों और नियमों की समझ विकसित कराई गई, ताकि साथिनें अपने क्षेत्रों में पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। वर्क फ्रॉम होम योजना से जुड़े उद्यमी संस्थाओं ने भी स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को चौमूं और आमेर स्थित वन स्टॉप सेंटर में, तथा 16 फरवरी को जोबनेर, सांगानेर और चाकसू पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकाधिक साथिनों को प्रशिक्षण का लाभ मिल सके।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग, खण्ड मकराना**

**निलामी सूचना संख्या 01/2025-26**

सर्व साधारण को राज्यपाल की ओर से सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के अधीन विभिन्न प्रकार के नकारा सामान की निलामी खण्डीय स्टोर मकराना परिसर मे दिनांक 06.03.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक की जावेगी। अतः इच्छुक महानुभावों को सूचित किया जाता है निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर इस निलामी मे सक्रिय भाग लेवें।

निलामी किया जाने वाले सामान का अवलोकन दिनांक 21.02.2026 से 06.03.2026 तक कार्यालय समय के दौरान किया जा सकेगा। निलामी का सामान जैसा है जहां है, वहां से निलामी किया जावेगा।

| क्र. सं. | सामान का विवरण | पुस्तक मूल्य वाली राशि (लाखो में) | धरोहर राशि | निलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न प्रकार के नकारा सामान की निलामी जैसे सबमर्सिबल/मोनोब्लॉक/सिंगलफेज पम्पसेट/सेन्ट्रीफयूगल पम्पसेट पीवीसी, कॉपर वॉयर, जली हुई सबमर्सिबल केबल, पेनल स्क्रेप, जीएम/सी.आई. एवं जी.आई. स्केप, स्टार्टर पेनल स्क्रेप, ट्रांसफॉर्मर व डिवाटरिंग सेट आदि जिनका पुस्तक मूल्य 112.92 लाख है UBN- PHE2526GLOB12996 | 112.92 | 75000.00 | 06.03.2026 |

**निलामी की शर्तें**

1. निलामी मे भाग लेने वाले व्यक्ति निलामी दिनांक को निर्धारित धरोहर राशि प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक खजांची के पास रू. 75000.00 (पिचेतर हजार) की डीडी/बैंकर चैक अधिशाषी अभियंता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड मकराना के नाम जमा करवायेंगे एवं जो भी महानुभाव उक्त अवधि मे धरोहर राशि जमा करवावेंगे वही बोली लगाने के हकदार होंगे। नकद राशि किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. बोली निर्धारित दिनांक को दोपहर 3.00 बजे से प्रारम्भ कर सायं 5.00 बजे तक समाप्त कर दी जायेगी।
3. अग्रिम बोली स्वीकृति आदि के लिए निलामी समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
4. सबसे अधिक बोली लगाने वाले के नाम छोड़े जाने की निलामी समिति द्वारा स्वीकृति देने पर नीलामी छोडी जायेगी तथा सम्बंधित पार्टी/व्यक्ति को नकद जमा बोली की 25 प्रतिशत राशि मय पूर्ण बिक्रीकर सहित उसी समय जमा करानी होगी तथा शेष राशि 7 दिवस के अन्दर अन्दर जमा करवाकर माल उठाना होगा अन्यथा जमा राशि जब्त मानी जावेगी।
5. सर्वोच्च बोली की राशि पर नियमानुसार कर जैसे वैट इत्यादि देय होगा। इसका भुगतान की जिम्मेदारी सम्बंधित बोलीदाता की होगी। बोली से पूर्व सेल्सटेक्स/जीएसटी चूकता प्रमाण पत्र दिनांक 31.12.2025 तक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी अन्यथा निलामी मे भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. सर्वोच्च बोली स्वीकृत न होने पर धरोहर राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।
7. निलामी बोली की अवधि बढ़ाने एवं अन्य निर्णय लेने का निलामी समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
8. निलामी होने वाले सामान की संख्या में उस समय की परिस्थितियों के अनुसार घटत/बढ़त की जा सकेगी।
9. किसी कारणवंश किसी सामान या समस्त निलामी को निरस्त करना पड़ा तो उस पर भी निलामी समिति को पूर्ण अधिकार होगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

**(धन्नाराम चौहान) अधिशाषी अभियंता**
डीआईपीआर/सी/2519/2026 **जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड मकराना**



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजगढ, अलवर**

**E-Mail: eerajgarh.alw.pwd@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः 2639 दिनांकः 02.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 22/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2025-26 के निम्नलिखित भवन/सड़क निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए एवं ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड राजगढ़ (अलवर) (ID : 5622) |
| निविदा में कार्यों की संख्या | **1 (123.88 लाख)** |
| कुल धरोहर राशि (रुपये में) | निविदादाता द्वारा दिनांक 31.12.2021 के पश्चात निविदा ऑनलाइन की जाती है तो निविदादाता द्वारा निविदा की अनुमानत लागत का 2 प्रतिशत राशि (सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों को नियमानुसार छूट राशि प्रदान की जावेगी।) लोक निर्माण कार्य जमा बजट मद 8443-00-108-00-00 के पक्ष में राजस्थान सरकार वित्त (जीएण्डटी) विभाग के आदेश क्रमांक एफ 6(5) वित्त/साविलेनि/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ऑनलाइन ई-ग्रास के द्वारा एकल चालान से संबंधित अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. कार्यालय के पक्ष में जमा करनी होगी। निविदा शुल्क/आर.आई.एस.एल. फीस/लोक निर्माण कार्य जमा राशि केवल ऑनलाइन ई-ग्रास द्वारा एकल चालान से ही जमा की जायेगी। अलग-2 चालान द्वारा जमा राशि स्वीकार योग्य नहीं है। ई-ग्रास पर भुगतान होने उपरान्त चालान सी.आई.एन. के साथ जनरेट कर ईप्रोक साईट पर अपलोड करना होगा। कार्यालय में निविदा शुल्क राशि, लोक निर्माण कार्य जमा एवं आर.आई.एस.एल. फीस के लिए भौतिक रूप से कोई राशि/डी.डी. स्वीकार नहीं की जायेगी। |
| निविदा आवेदन अपलोड करने की तारीख | दिनांक 05.02.2026 प्रातः 09.30 बजे से दिनांक 16.02.2026 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की तारीख | दिनांक 05.02.2026 प्रातः 09.30 बजे से दिनांक 16.02.2026 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा की कुल लागत | 123.88 लाख |
| निविदा खोलने की तारीख | 17.02.2026 अपराह्न 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया (ऑनलाइन ई-ग्रास के माध्यम से) | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प 6(5)/वित्त/सा.नि.वि./2018 दिनांक 27.04.2020 के ई-ग्रास पर ऑनलाइन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-(16)-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00 दिनांक **16.02.2026** सायं 6.00 बजे तक |

**UBN No.:-** 1. PWD2526WSOB22307, 2. PWD2526WSOB22308 3. PWD2526WSOB22309, 4. PWD2526WSOB22310

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट **www.dipronline.org** व विभाग की वेबसाइट **www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**(महीपाल मीना) अधिशाषी अभियंता**
**सा.नि.वि. खण्ड राजगढ (अलवर)**
**Email id- pwd_raj@rediffmail.com**
**डीआईपीआर/सी/2508/2026** **Mob.: 8209895225**



**EXECUTIVE ENGINEER PHED RURAL DIV 1st ALWAR (NCR)**

**HKM NAGAR ALWAR (RAJ.), E-Mail- eephedrd1-alw-rj@nic.in**

No- 3217-25 Date: 02.02.2026

**NOTICE INVITING BID (Nit No. 29-30/2025-26)**

Bid for TW Mtc at Various RWSS and JJY Schemes under Sub Division Umrain and Malakhera Under Rural Division-I NCR Alwar are invited from interested bidders upto **05:00 PM** on Date **18.02.2026.** Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in**) of the state and **https://phedwater.rajasthan.gov.in** departmental website.

**UBN:-** PHE2526WSOB12797, PHE2526WSOB12806

**DIPR/C/2415/2026** **Executive Engineer**



**पाठकों को सलाह**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।



**कार्यालय उप वन संरक्षक, बाघ परियोजना सरिस्का**

पताः- अलवर-जयपुर रोड, सरिस्का-301022, ई-मेलः **dcftp.srska.forest@rajasthan.gov.in, dcfsariska@gmail.com**

क्रमांकः एफ( )भण्डार/बापस/2025-26/1769 **ई-टेण्डरिंग सूचना सं. 22/2025-26** दिनांकः 04.02.2026

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा बाघ परियोजना सरिस्का (अलवर) के अधीन वर्ष 2025-26 में निम्नानुसार सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री आपूर्ति हेतु माल एवं सेवाकर (जीएसटी) पंजीकृत अनुभवी फर्मों से मोहरबंद निविदाएं दोहरी पद्धति से आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण विभाग की वेबसाइट **www.dipronline.org** व विभाग की वेबसाइट **https://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम, शर्तें एवं माल/सेवा से संबंधित मात्रा/संख्या एवं विशिष्टियां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित हैं।

| सामग्री का नाम | संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि (2 प्र.श.) | निविदा शुल्क | MD RISL प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा प्रपत्र डाउनलोड की प्रारंभ तिथि (सायं 04.00 बजे से) | निविदा प्रपत्र अपलोड की अंतिम तिथि (दोप. 12.00 बजे तक) | निविरदा खोलने की तिथि (दोप. 3.00 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Supply of iron tables-cum-benches for seating arrangement of School students | 450 | 15.75 | 31500 | 500 | 500 | 04.02.2026 | 16.02.2026 | 17.02.2026 |

**UBN No.: FOR2526GLOB05291, Mob: 9602797110**

**(अभिमन्यु सहारण, IFS)**
उप वन संरक्षक
डीआईपीआर/सी/2696/2026 बाघ परियोजना सरिस्का



**राजस्थान आवासन मण्डल**

**हमारा प्रयास, सबको आवास**

ई-ऑक्शन के माध्यम से

**व्यावसायिक / आवासीय प्रीमियम संपत्तियों को खरीदने का सुनहरा अवसर**

**ई-ऑक्शन 25 से 27 फरवरी, 2026**

**बड़े व्यावसायिक भूखण्ड**
जयपुर - 10 अलवर - 01
भिवाड़ी - 18 भरतपुर - 01

**स्वतंत्र निर्मित आवास एवं फ्लैट**
जयपुर - 07

**आवासीय भूखण्ड**
जयपुर - 04 अलवर - 06
जोधपुर - 02

**आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें**

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

ईएमडी राशि न्यूनतम बोली मूल्य की 2% होगी एवं बोली/ई-नीलामी आरम्भ होने से 5 दिन पूर्व जमा कराई जा सकेगी एवं 24 घंटे पूर्व तक स्वीकार की जा सकेगी।

वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तों के लिए QR कोड स्कैन करें
*भवन निर्माण पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार रहेंगे।

**हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में:** 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरान्तः 9461054291/92/319 एवं 6376868696, 9460254319

राज.संवाद/सी/25/19750

आवेदन केवल ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से — आवासन आयुक्त

## आज का दिन

फाल्गुन कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1447, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 13 फरवरी, सन् 2026 ईस्वी। वार- शुक्रवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-शिशिर

## सम्पादकीय

# केंद्र ने एआई से तैयार कंटेंट के लिए नियम कड़ा किया

**केंद्र** सरकार ने डीपफेक और एआई से तैयार कंटेंट के लिए डिजिटल नियमों को कड़ा कर दिया है। तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए इसकी सख्त जरूरत थी। ऑडियो, विडियो और तस्वीरों से छेड़छाड़ व फर्जी कंटेंट सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ आम लोगों व देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। नियंत्रण मकसद नहीं। सोशल मीडिया पर कोई भी नियम लागू करने पर सबसे पहले अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल उठाया जाता है, कि सरकार कहां तक निगरानी कर सकती है। इस लिहाज से नए नियम महत्वपूर्ण हैं, इनमें नियंत्रण से ज्यादा नियमन को तरजीह दी गई है। मकसद है, देखने वालों को असली और नकली के बीच का फर्क पता रहे, ताकि उसका इस्तेमाल किसी गलत काम के लिए न हो सके। नए नियमों के मुताबिक, एआई से तैयार कंटेंट पर हर हाल में लेबलिंग होनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि कंटेंट आया कहां से है और अगर कोई सामग्री गैरकानूनी है तो उसे तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। सरकार ने नियमों के पालन के लिए तय समय-सीमा भी घटाई है। ऑनलाइन चीजें जिस तेजी से वायरल होती हैं, उसे देखते हुए जरूरी था कि एक्शन की रफ्तार भी बढ़ाई जाए। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म और उनके सीनियर अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी डाली गई है, जो बिल्कुल ठीक है। ये कंपनियां हर बात में यूजर राइट्स और प्राइवेसी की आड़ लेकर बच नहीं सकतीं, उनकी भी जवाबदेही तय होना जरूरी है। भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा सोशल मीडिया यूजर मौजूद हैं और 86 प्रतिशत से ज्यादा घरों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। डिजिटल इंडिया आज तरक्की का संकेत है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। डीपफेक और एआई के जरिये ऑडियो-विडियो में छेड़छाड़ ऐसी ही एक गंभीर चुनौती है। सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। साल 2024 में साइबर क्राइम के 22.68 लाख केस सामने आए थे।

*भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा सोशल मीडिया यूजर मौजूद हैं और 86 प्रतिशत से ज्यादा घरों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। डिजिटल इंडिया आज तरक्की का संकेत है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं।*

## विदेशी अखबारों से

### पश्चिम एशिया में बढ़ा अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ा

**ईरान** के साथ बढ़ती तनातनी और समानांतर रूप से जारी कूटनीतिक प्रयासों के बीच अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने सैन्य जमावड़े को तेज कर दिया है। हालिया सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण से संकेत मिले हैं कि कतर स्थित अल-उदीद एयर बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को मोबाइल लॉन्चरों पर तैनात किया गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ओमान में परोक्ष परमाणु वार्ताओं को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है, लेकिन जमीन पर सैन्य तैयारियां भी समानांतर रूप से बढ़ती दिख रही हैं। अल-उदीद बेस पश्चिम एशिया में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है और क्षेत्रीय अभियानों का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां की गतिविधियों में हालिया बढ़ोतरी ने संकेत दिया है कि अमेरिका संभावित हमले या जवाबी कार्रवाई दोनों परिस्थितियों के लिए तैयारी कर रहा है। पहले जहां पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को सेमी-स्टैटिक (अर्ध-स्थिर) लॉन्चर स्टेशनों पर रखा जाता था, वहीं अब इन्हें मोबाइल ट्रकों पर तैनात किया गया है। यह बदलाव रणनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। मोबाइल लॉन्चर हमले की स्थिति में तेजी से स्थान बदल सकते हैं और लक्ष्य भेदने या मिसाइल रक्षा के लिए तुरंत सक्रिय किए जा सकते हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका संभावित ईरानी मिसाइल हमले की आशंका को गंभीरता से ले रहा है या फिर किसी आपात स्थिति में आक्रामक प्रतिक्रिया के विकल्प खुले रखना चाहता है। फॉरेंसिक इमेजरी विश्लेषक विलियम गुडहिंद ने जनवरी और फरवरी की शुरुआत में ली गई सैटेलाइट तस्वीरों की तुलना के आधार पर बताया कि अल-उदीद क्षेत्र में विमानों और सैन्य उपकरणों की गतिविधियां बढ़ी हैं। तस्वीरों में एम983 हैवी एक्सपेंडेड मोबिलिटी टैक्टिकल ट्रक पर एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की तैनाती स्पष्ट दिखी है। हालांकि, अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। दो फरवरी की तस्वीरों में जॉर्डन के मुवफ्फक एयरबेस पर 17 एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, आठ ए-10 थंडरबोल्ट और चार अज्ञात हेलीकॉप्टर देखे गए।

## प्रेरक प्रसंग

### सच्चाई का आईना

**अनु** एक होशियार और महत्वाकांक्षी लड़की है, जिसका सपना था आईएएस बनना। गांव में पली-बढ़ी अनु पढ़ाई में हमेशा अव्वल रही और उसके माता-पिता, वृंदा और श्याम, उस पर गर्व करते थे। स्नातक के बाद अनु ने दिल्ली के एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में दाखिला लिया, लेकिन उसका एक राज था—उसका बॉयफ्रेंड आकाश। दिल्ली पहुंचने के बाद अनु का ध्यान पढ़ाई से भटक गया और वह आकाश के साथ अधिक समय बिताने लगी। उसने कोचिंग छोड़ दी और माता-पिता से झूठ बोलती रही। एक दिन उसकी मां वृंदा ने दिल्ली आने की बात कही, जिससे अनु घबरा गई। आकाश की मदद से उसने एक फर्जी कोचिंग सेंटर दिखाया, लेकिन वृंदा को शक हुआ और उन्होंने सच्चाई जान ली। अनु ने रोते हुए माफी मांगी और अपनी गलती स्वीकार की। उसके माता-पिता ने उसे समझाया कि असफलता से डरना नहीं चाहिए और उसे एक नया मौका दिया। अनु ने घर लौटकर फिर से मेहनत शुरू की, आकाश से दूरी बनाई और पूरी लगन से पढ़ाई की। आकाश ने भी अनु के फैसले का सम्मान किया और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित किया। अंतत: अनु ने आईएएस परीक्षा पास की और उसके माता-पिता ने गर्व से उसका स्वागत किया। दिल्ली में पोस्टिंग के बाद अनु और आकाश फिर मिले और अपने रिश्ते को परिवार की सहमति से आगे बढ़ाया। यह कहानी सिखाती है कि सच्चाई और ईमानदारी ही जीवन की असली पूंजी हैं।

# बच्चों की बेहतरी के लिए बढ़े बजटीय आवंटन

**अनिल पांडेय**

*अगर बच्चे देश का भविष्य हैं तो उसमें निवेश बढ़ाने की जरूरत है ना कि आंकड़ों की बाजीगरी की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने बाल कल्याण योजनाओं के लिए बजट में 116,132.5 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जो 2024-25 में आवंटित 109,920.95 करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह देखने में भारी भरकम रकम है और पिछले साल के मुकाबले मामूली ही सही लेकिन बढ़ोतरी लग सकती है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू ये है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बढ़ोतरी के अनुपात में बाल कल्याण के लिए आबंटित रकम में कमी ही आई है।*

**आंकड़े** बताते हैं कि भारत में बच्चों के हालात बेहतरी की ओर हैं। केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट 'चिल्ड्रेन इन इंडिया 2025' के अनुसार शिशु मृत्यु दर जो 2011 में प्रति एक हजार बच्चों पर 44 थी, वह 2023 में घट कर 25 तक आ गई। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की दर जो 2022-23 में 13.8 प्रतिशत थी, 2024-25 में गिर कर 8.2 प्रतिशत आ गई। बाल विवाह की दर 2015-16 के 26.8 प्रतिशत से घटकर 23.3 प्रतिशत तक आ गई। ऐसे में पहली नजर में लगता है कि यह बाल कल्याण योजनाओं के लिए अधिक रकम के आवंटन का नतीजा है। लेकिन सवाल ये है कि अगर बजटीय आवंटन थोड़ा बेहतर होता तो बच्चों के लिए हालात कितने बेहतर हो सकते थे। निश्चित रूप से सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। रकम का आवंटन बढ़ा है व योजनाओं की संख्या भी और कुछ अच्छे नतीजे भी दिख रहे हैं। लेकिन साल दर साल बजटीय आवंटन के आंकड़े देखे जाएं तो स्पष्ट है कि कुल बजट के अनुपात में और सकेल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में बच्चों के लिए आवंटित रकम के प्रतिशत में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। अगर बच्चे देश का भविष्य हैं तो उसमें निवेश बढ़ाने की जरूरत है ना कि आंकड़ों की बाजीगरी की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने बाल कल्याण योजनाओं के लिए बजट में 116,132.5 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जो 2024-25 में आवंटित 109,920.95 करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह देखने में भारी भरकम रकम है और पिछले साल के मुकाबले मामूली ही सही लेकिन बढ़ोतरी लग सकती है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू ये है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बढ़ोतरी के अनुपात में बाल कल्याण के लिए आबंटित रकम में कमी ही आई है। पिछले बजट में आवंटित रकम जीडीपी का कुल 0.34 प्रतिशत थी जबकि इस बार यह 0.33 प्रतिशत रही। इसी तरह 2014-15 में केंद्र सरकार के पूरे व्यय में बाल कल्याण की हिस्सेदारी 4.5 प्रतिशत थी जो 2021-22 में घट कर निम्नतम स्तर 1.9 प्रतिशत पर आ गई। अब इसमें मामूली इजाफा हुआ है लेकिन फिर भी यह पूर्व के स्तर से बहुत पीछे है। साथ ही, बाल कल्याण के लिए आवंटित बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च हो जाता है। निश्चित रूप से शिक्षा बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए एक मूलभूत तत्व है। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी वे जागरूक जागरूक और विकसित भारत के सपने में सहयोगी बनेंगे। लेकिन समस्या ये है कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को मामूली रकम ही मिल पाती है। मसलन बाल कल्याण के मद में आवंटित राशि में बाल सुरक्षा का हिस्सा बमुश्किल एक से दो प्रतिशत है जबकि देश में बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग की समस्या गंभीर है। और यह इसके बावजूद है जब भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008-09 से ही चाइल्ड बजट स्टेटमेंट (सीबीएस) की शुरुआत कर दी थी ताकि यह देखा जा सके कि बाल कल्याण के लिए आवंटित सार्वजनिक कोष किस तरह से खर्च किया जाता है। सीबीएस का विश्लेषण दो तरीकों से किया जाता है। पहला, कुल बजट में बाल कल्याण के लिए आवंटित राशि का प्रतिशत और दूसरा, जीडीपी के हिसाब से बाल कल्याण को आवंटित रकम का प्रतिशत। और इस पर नजर डालने से स्पष्ट है कि बजट में आवंटित राशि में इजाफा तो हो रहा है लेकिन कुल बजट और जीडीपी के अनुपात में पूरी तरह बाल-केंद्रित खर्चों में गिरावट आ रही है।



यह स्थिति तब है जब बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं की संख्या 49 से बढ़कर 93 से भी ज्यादा हो गई है। फिर भी अगर 2011 की जनगणना के हिसाब से देखा जाए तो 2025 में प्रत्येक बच्चे के लिए महज 1993 रुपए की रकम ही आवंटित हुई। साथ ही, दक्षिणी राज्य अपने बजट में बाल कल्याण के लिए अधिक राशि आवंटित करते हैं जबकि बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में स्थिति गंभीर है। आलम यह है कि केरल जहां प्रति बच्चे के लिए 18,203 रुपए की राशि आवंटित करता है, वहीं बिहार में यह सिर्फ 4,363 रुपए है। हालांकि, बजट संबंधी अड़चनों के बावजूद भारत ने कुछ मामलों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसमें सबसे प्रमुख उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से पिछले वर्ष शुरू किया गया 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान'। यह एक उदाहरण है कि सफलता तभी मिलती है जब नागरिक समाज संगठनों सहित सरकार व प्रशासन का हर पुर्जा व समाज के सभी वर्ग साथ आएं। पूरी सरकार व पूरा समाज के साथ मिलकर चलने के चमत्कारी नतीजे सामने आए हैं। यह दुनिया में पहली बार हुआ जब 25 करोड़ लोगों ने एक साथ बाल विवाह रोकने की शपथ ली। देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों ने कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से अप्रैल 2023 से अब तक 4,00,000 से अधिक बाल विवाह रोके हैं। महज एक साल में ही सात लाख से अधिक लड़कियां स्कूल लौटीं, और आर्थिक दृष्टि से 19 लाख संवेदनशील परिवार सरकारी योजनाओं से जोड़े गए। इसके नतीजे स्पष्ट हैं। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियर चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) की रिपोर्ट टिपिंग प्वाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया के अनुसार 2022 से 2025 के बीच 18 वर्ष से कम की लड़कियों के बाल विवाह में 69 प्रतिशत गिरावट आई जबकि 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों के विवाह में 72 प्रतिशत की गिरावट आई। सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत की गिरावट असम में दर्ज की गई।

आज माना जा रहा है कि भारत में बाल विवाह की दर जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (2019-21) में 23.3 प्रतिशत थी, अब घट कर 15 प्रतिशत के आस पास आ गई है। इस सफलता को अन्य मोर्चों पर भी दोहराने की जरूरत है। लेकिन इसके लिए पहले इस तथ्य को रेखांकित करना जरूरी होगा कि बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ ही सेहत, सुरक्षा व देखभाल और उचित पोषण भी जरूरी है। और इसके लिए जरूरी है उचित धनराशि का आवंटन। आज देश में 40 प्रतिशत आबादी बच्चों व किशोरों की है लेकिन हम अपनी जीडीपी का एक प्रतिशत भी इन पर खर्च नहीं कर रहे। यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। खुशहाल बचपन व विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें बच्चों में निवेश की जरूरत है। जाहिर है कि इसके लिए बजटीय आवंटन बढ़ाना एक अनिवार्य शर्त है। उम्मीद की जा सकती है कि सरकार नए साल में नई प्राथमिकताओं के साथ आएगी।

# विश्व आर्थिक मंच पर दिखी भारत की मजबूती

**अभिजीत मुखोपाध्याय**

*अमेरिकी संरक्षणवाद वैश्विक फर्मों को अधिक अनुकूल क्षेत्रों की तलाश करने पर मजबूर करता है, जिससे भारत को लाभ हो सकता है, यदि वह नियामक स्थिरता प्रदान करे। पर यदि भारत को चीन-रूस गुट के बहुत करीब माना गया, तो उसे द्वितीयक प्रतिबंधों और तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है गुटों की राजनीति तेज होने पर ज्यादा देशों के साथ संबंध बनाने की नीति को संभालना कठिन हो जाता है। वाशिंगटन रूस-चीन पर एकजुटता चाहता है, जबकि बीजिंग-मॉस्को अमेरिकी प्रतिबंधों के खिलाफ साथ चाहते हैं। कोई भी गलत कदम एक खेमे में विश्वास कम कर सकता है।*

**दावोस** में संपन्न हुई विश्व आर्थिक मंच की बैठक ने तीन प्रमुख प्रवृत्तियों को स्पष्ट किया है -अमेरिका और यूरोप के बीच टूटता भरोसा, अमेरिकी टैरिफ और क्षेत्रीय दुस्साहस के खिलाफ सहयोगियों का खुला विरोध तथा पुराने जी-7 के अमेरिकी सुरक्षा छत्र से इतर 'मध्यम शक्तियों' के बीच समन्वय की तलाश। ग्रीनलैंड को लेकर यूरोपीय सहयोगियों पर ट्रंप की टैरिफ धमकियों और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के लिए सैन्य दबाव के विचार ने यूरोप को वाशिंगटन के साथ अपने मजबूत रिश्ते से पीछे हटने पर सोचने को मजबूर कर दिया है। इस पृष्ठभूमि में दावोस में मध्यम शक्तियों ने सामूहिक रूप से अपनी आवाज बुलंद की है। अब चर्चा एकल वर्चस्व के बजाय 'बहुकेंद्रित बहुपक्षवाद' और नियम निर्धारण के कई केंद्रों पर केंद्रित है।

भारत इस समय कोई मामूली खिलाड़ी नहीं है। यह उन गिने-चुने देशों में है, जो एक ही समय में वाशिंगटन, यूरोप, मॉस्को, बीजिंग और व्यापक ग्लोबल साउथ से विश्वसनीय रूप से संवाद कर सकता है। पर भारत की अहमियत इस पर निर्भर करेगी कि अगले पांच-दस वर्षों में वह अपनी इस रणनीतिक स्थिति को कितनी जल्दी ठोस आर्थिक, तकनीकी और संस्थागत निवेशों में बदल पाता है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, रक्षा पर खर्च करने वाले शीर्ष तीन देशों में शामिल है, परमाणु संपन्न है और यूरोप से हिंद-प्रशांत तथा पश्चिम एशिया तक इसकी कूटनीतिक पहुंच है। क्वाड, ब्रिक्स, एससीओ और खाड़ी व अफ्रीका में गहरे संबंधों का नेटवर्क इसे ऐसी केंद्रीयता प्रदान करता है, जो कम देशों के पास है। पर भारत की प्रति व्यक्ति आय, मानव पूंजी में अंतराल, और आयातित उच्च तकनीक व ऊर्जा पर निरंतर निर्भरता परिणामों को आकार देने की इसकी क्षमता सीमित करती है।

भारत अकेले वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं की जिम्मेदारी नहीं उठा सकता। न भारत विकासशील देशों को चीन के बराबर पूर्ण तकनीकी-पूंजी-सुरक्षा पैकेज दे सकता है। भारत एक नयी व्यवस्था के अकेले 'स्तंभ' के रूप में कम और एक महत्वपूर्ण 'स्विंग एक्टर' (निर्णायक भूमिका निभाने वाले) के रूप में अधिक मायने रखता है। तीन क्षेत्र हैं, जहां भारत की भूमिका वास्तविक है। पहला, यह पश्चिम और ग्लोबल साउथ के बीच सेतु बन सकता है। जी-20 और ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की सक्रियता तथा अमेरिका-यूरोप में प्रवासी भारतीयों की मौजूदगी इसे एक विश्वसनीय वार्ताकार बनाती है। जब अमेरिकी विश्वसनीयता पर यूरोप सवाल उठा रहा है, पर चीन पर अत्यधिक निर्भरता से डरता है, तब भारत व्यापार, तकनीक और सुरक्षा संवादों के विविधीकरण के लिए आकर्षक भागीदार बन जाता है।

दूसरा पहलू टैरिफ युद्धों के बीच 'भू-आर्थिक संतुलनकर्ता' के रूप में भारत की भूमिका है। भारतीय निर्यातों पर 50 फीसदी तक के अमेरिकी टैरिफ और रूसी तेल खरीद से जुड़ी धमकियों ने नई दिल्ली को यूरोप, चीन और रूस के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए प्रेरित किया है। तीसरा, भारत बहुपक्षीय नियमों का नियामक बन सकता है, जो व्यापार, तकनीक और वित्त में एकतरफा प्रतिबंधों और टैरिफ के खिलाफ सबसे स्पष्ट आवाजों में से एक बनकर उभरा है। यह संयुक्त राष्ट्र, आइएमएफ और डब्ल्यूटीओ में सुधारों की वकालत कर रहा है। ग्लोबल साउथ का गठबंधन बनाने की इसकी क्षमता का अर्थ है कि डिजिटल व्यापार, डेटा गवर्नेंस या जलवायु वित्त जैसे मुद्दों पर वैश्विक समझौते इस बात पर निर्भर करेंगे कि भारत उन पर हस्ताक्षर करता है या नहीं। भारत के लिए, अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच विश्वास का टूटना एक अवसर भी है और जोखिम भी। इसके चार मुख्य पहलू हैं।

अमेरिकी संरक्षणवाद वैश्विक फर्मों को अधिक अनुकूल क्षेत्रों की तलाश करने पर मजबूर करता है, जिससे भारत को लाभ हो सकता है, यदि वह नियामक स्थिरता प्रदान करे। पर यदि भारत को चीन-रूस गुट के बहुत करीब माना गया, तो उसे द्वितीयक प्रतिबंधों और तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है गुटों की राजनीति तेज होने पर ज्यादा देशों के साथ संबंध बनाने की नीति को संभालना कठिन हो जाता है। वाशिंगटन रूस-चीन पर एकजुटता चाहता है, जबकि बीजिंग-मॉस्को अमेरिकी प्रतिबंधों के खिलाफ साथ चाहते हैं। कोई भी गलत कदम एक खेमे में विश्वास कम कर सकता है।

यदि ब्रिक्स का विस्तार हो और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियां अमेरिकी दबाव में जोर पकड़ें, तो भारत को यह चुनना होगा कि वह 'डी-डॉलरइजेशन' में कितनी दूर तक जाये और उन संस्थानों पर कितना भरोसा करे, जहां चीन का प्रभाव अत्यधिक है। एक खंडित विश्व व्यवस्था में घरेलू क्षमता- लॉजिस्टिक्स, बुनियादी ढांचा, मानव पूंजी और रक्षा निर्माण- का मूल्य बढ़ जाता है। यदि भारत चीन से हटने वाले विदेशी निवेश का लाभ उठा सके और अपने सेमीकंडक्टर व हरित ऊर्जा मिशनों को गहरा कर सके, तो वह इस भू-राजनीतिक उथल-पुथल को विकास के अवसर में बदल सकता है।

## ब्लॉग

**प्रियदर्शन**

# हिंदी और उर्दू सगी बहनें हैं, इन्हें सौतेलेपन से बचाएं

**जयपुर** साहित्य समारोह के दौरान जावेद अख्तर ने उर्दू और भाषाओं की राजनीति पर बात करते हुए ठीक ही कहा कि भाषाओं को धार्मिक आधार पर बांटा नहीं जा सकता। बताया जा रहा है कि उन्होंने यह भी कहा कि उर्दू की वजह से भारत का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान बना।

शायद यह सरलीकरण है, क्योंकि इस बात के बावजूद कि उन दिनों साम्प्रदायिक राजनीति परवान चढ़ रही थी, हर तरह की विभेदकारी सम्भावनाओं के इस्तेमाल की कोशिश जारी थी और उर्दू के बड़े शायर इकबाल भी उन लोगों में थे, जो पाकिस्तान के विचार के जनक बताए जाते हैं- भारत-विभाजन एक जटिल राजनीतिक और सामाजिक प्रक्रिया का परिणाम था। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अबुल कलाम आजाद की किताब की भूमिका लिखते हुए 'भारत विभाजन के गुनहगार' नाम की जो किताब तैयार कर दी थी, उसमें आठ गुनहगारों का उल्लेख है, लेकिन उनमें उर्दू नहीं है। शायद जावेद अख्तर यह कहना चाह रहे हों कि हिंदी-उर्दू को बांटने वाली राजनीति भी एक वजह है, जो विभाजन की तरफ देश को ले गई।

मगर धर्मों के आधार पर भाषा को न बांटने के बिल्कुल उचित खयाल को क्या हम उर्दू और हिंदी के संदर्भ में अमल में आता देख रहे हैं? वस्तुत: हिंदी और उर्दू बिल्कुल सगी बहनों जैसी हैं, बल्कि उर्दू को कभी हिंदवी और हिंदी भी कहते रहे और हिंदी को भी हिंदुस्तानी बनाने की कोशिश हुई, लेकिन हमारे अवचेतन में ये दो अलग-अलग पहचानों की भाषा के रूप में विकसित होती चली गई हैं। इस बात को कुछ लोकप्रिय-शास्त्रीय दोनों तरह के उदाहरणों से समझा जा सकता है। मिसाल के तौर पर हिंदी फिल्मों के संवादों को देखें। इन फिल्मों में अगर राजा मुसलमान हुआ तो उसे बादशाह कहने का चलन है और अगर हिंदू हुआ तो उसे सम्राट कहने का। अगर बादशाह अकबर संवाद बोल रहे हैं तो उर्दूनिष्ठ हिंदी में बोलते मिलेंगे और अगर महाराणा प्रताप संवाद बोल रहे हैं तो संस्कृतनिष्ठ हिंदी में बोलते मिलेंगे। जबकि सच यह है कि उस मध्यकाल में न अकबर उर्दू बोलते थे और न राणा प्रताप वैसी हिंदी बोलते थे, जिसमें वे सिनेमा में बोलते दिखाई पड़ते हैं। जाहिर है, हमारे अवचेतन में उर्दू मुसलमानों की और हिंदी हिंदुओं की भाषा होती चली गई है। इस हादसे का ज्यादा अफसोसनाक प्रमाण विष्णु खरे की कविता 'गुंग महल' है, जिसमें ईश्वर की भाषा के सवाल पर बहस कर रहे पंडित जब संस्कृत के पक्ष में तर्क देते हैं तो तत्समनिष्ठ हिंदी में देते हैं और जब मौलवी अरबी के अल्लाह की जुबान होने का दावा करते हैं तो उर्दू में करते हैं।

हालांकि यह सच है कि हिंदी की शुद्धता के नाम पर जो लोग अरबी-फारसी शब्दों से परहेज करने का आग्रह करते हैं, वे दरअसल हिंदी की ऐतिहासिकता और स्वाभाविकता दोनों के साथ अन्याय करते हैं। क्योंकि हम जो भाषा इस्तेमाल करते हैं, वह अपने मूल में उर्दू के बेहद करीब है और वही हमारी स्वाभाविक जुबान बनती है। हम 'घर' बनाते हैं, 'दरवाजे' खोलते हैं, 'दीवारों' को पहचानते हैं और 'बाजार' जाकर 'खरीददारी' करते हैं। 'गृह' में रहते हुए 'द्वार' खोलकर 'भित्तियों' को पहचानते और 'हाट' जाकर 'क्रय-विक्रय' नहीं करते!

# टी-20 विश्व कप 2026 : आगे की राह तय करने में अहम होंगे आज के तीन मुकाबले



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 में शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे। अलग-अलग ग्रुप की टीमें मैदान पर उतरेंगी और अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगी। पहला मुकाबला ग्रुप बी का है, जो कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगे। यह टूर्नामेंट का 19वां मुकाबला है। भारतीय समयानुसार मैच सुबह 11.00 बजे शुरू होगा। दोनों टीमों ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में आयरलैंड को 67 रनों से हराया था। वहीं जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से मात दी थी। ऐसे में यह मुकाबला ग्रुप बी में शीर्ष स्थान के लिए अहम साबित हो सकता है।

दूसरा मैच ग्रुप डी का है, जो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात के बीच होगा। भारतीय समयानुसार मैच दोपहर 3.00 बजे शुरू होगा। दोनों टीमों को अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका ने 57 रनों से हराया था वहीं संयुक्त अरब अमीरात को न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली थी। इस मुकाबले में हारने वाली टीम के लिए अगले दौर की राह मुश्किल हो सकती है। तीसरा मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका और नीदरलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7.00 बजे शुरू होगा।

नीदरलैंड ने पाकिस्तान से हारने के बाद अपने दूसरे मैच में नामिबिया को हराया था। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम अब तक अपने दोनों मुकाबले हार चुकी है। पहले मैच में भारत के खिलाफ उसे 29 रनों से हार मिली थी, जबकि दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 32 रनों से शिकस्त दी थी। यदि अमेरिका को इस मैच में भी हार का सामना करना पड़ा तो उसके लिए अगली स्टेज में पहुंचना लगभग असंभव हो जाएगा। इस तरह शुक्रवार का दिन टूर्नामेंट के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि कई टीमों के लिए यह मुकाबले आगे की राह तय करेंगे।

# टी-20 विश्वकपः श्रीलंका की बड़ी जीत, ओमान को 105 रन से हराया



**कैंडी।** पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी के मुकाबले में श्रीलंका ने ओमान को 105 रन से हरा दिया। श्रीलंका की यह दूसरी जीत है। 226 रन के बड़े लक्ष्य के दबाव में ओमान की बल्लेबाजी बिखर गई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 12 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हम्माद मिर्जा भी 9 रन बनाकर आउट हो गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मोहम्मद नदीम और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए वसीम अली ने क्रीज पर रुकने का साहस दिखाया और चौथे विकेट के लिए पारी की सबसे बड़ी 42 रन की साझेदारी की। वसीम 20 गेंद पर 3 छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। नदीम 56 गेंद में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों बल्लेबाजों को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सका। ओमान 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 120 रन बना सकी और 105 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। दुश्मंथा चमीरा ने 2 ओवर में 19 रन देकर 2, महिश तिक्षाणा ने 4 ओवर में 11 रन देकर 2, दुनिथ वेलालागे ने 4 ओवर में 17 रन देकर 1, दुशन हेमंथा ने 4 ओवर में 45 रन देकर 1, कामिंदु मेंडिस ने 2 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिए। इसके पहले ओमान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बावजूद 5 विकेट पर 225 रन बनाए थे। श्रीलंका की तरफ से कप्तान दासुन शनाका ने मात्र 19 गेंद पर 5 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। अंतरराष्ट्रीय टी-20 में श्रीलंका की तरफ से यह सबसे तेज अर्धशतक है। शनाका के अलावा, पवन रथनायके ने 28 गेंद पर 1 छक्के और 8 चौकों की मदद से 60 रन और कुसाल मेंडिस ने भी 45 गेंद पर 7 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली।



# टी-20 वर्ल्ड कप : भारत की लगातार दूसरी जीत

## नामीबिया को 93 रनों से रौंदकर टॉप पर पहुंचा भारत



**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप के 18वें मुकाबले में भारतीय टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए नामीबिया को 93 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। इस शानदार जीत के साथ टीम इंडिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर काबिज हो गई है। मैच में ईशान किशन और हार्दिक पंड्या के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों ने धारदार प्रदर्शन करते हुए नामीबियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

### वरुण चक्रवर्ती की फिरकी में उलझे बल्लेबाज

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत बेहद खराब रही। पूरी टीम 18.2 ओवरों में महज 116 रनों पर सिमट गई। नामीबिया की ओर से लौरेन स्टीनकैंप ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। भारत के लिए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 विकेट लिए। अक्षर पटेल और हार्दिक पंड्या ने भी 2-2 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। बेहतर नेट रन रेट के कारण टीम इंडिया अब ग्रुप के प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

# पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबला जीतकर इटली ने बनाए ये बड़े रिकॉर्ड्स



**मुंबई।** पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खेल रही इटली ने इतिहास रच दिया है। इस टीम ने गुरुवार को नेपाल के विरुद्ध 10 विकेट से जीत दर्ज करते हुए एक ही मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड्स बना दिए हैं। नेपाल को 19.3 ओवरों में महज 123 रन पर समेटने के बाद सगे भाइयों की जोड़ी ने इटली को महज 12.4 ओवरों में टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की पहली जीत दिलाई। जस्टिन मोस्का ने 44 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों के साथ नाबाद 60 रन बनाए, जबकि एंथनी मोस्का ने 32 गेंदों में 6 छक्कों और 3 चौकों के साथ नाबाद 62 रन की पारी खेली। मोस्का बंधुओं की 124* रन की साझेदारी टी20 वर्ल्ड कप में भाइयों के बीच सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। मोस्का बंधुओं ने कामरान अकमल और उमर अकमल की जोड़ी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने साल 2014 में 96 रन की साझेदारी की थी। यह टी20 क्रिकेट में इटली की पहली 10 विकेट से जीत है, जबकि नेपाल को दूसरी बार 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले, साल 2025 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध नेपाल ने 10 विकेट से मैच गंवाना पड़ा था। दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में एसोसिएट टीम ने पूरे 10 विकेट से जीत दर्ज की है। इससे पहले, साल 2021 में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी के विरुद्ध यह कारनामा किया था। यह टी20 वर्ल्ड कप में एसोसिएट टीम की तरफ से तीसरी शतकीय साझेदारी है। साल 2021 में ओमान की ओर से आकिब इलियास और जतिंदर सिंह ने पापुआ न्यू गिनी के विरुद्ध 131 रन की अटूट साझेदारी की थी। वहीं, स्कॉटलैंड की तरफ से माइकल जोन्स और जॉर्ज मुंसे की जोड़ी ने इटली के खिलाफ टी20 वर्ल्डकप 2026 में 126 रन जुटाए थे।

टी-20 वर्ल्ड कप में 120 से ज्यादा रन के सफल चेज में सर्वाधिक गेंदें शेष रहते जीत दर्ज करने के मामले में यह तीसरा मुकाबला रहा। इटली ने इस मैच को 44 बॉल शेष रहते जीता। इससे पहले साल 2024 में वेस्टइंडीज ने 129 रन के टारगेट का पीछा करते हुए यूएस के विरुद्ध 55 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज की थी। वहीं, साल 2021 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 126 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 50 गेंदें शेष रहते मैच अपने नाम किया था।

# अंक तालिका में स्कॉटलैंड-इटली से नीचे खिसका इंग्लैंड

## एक और हार सुपर-8 के दरवाजे कर सकती है बंद

**नई दिल्ली।** इटली ने नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, लेकिन इसका सबसे ज्यादा नुकसान इंग्लैंड को हुआ। इंग्लैंड की टीम ग्रुप सी की अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई है। इटली ने नेपाल को हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की और तालिका में जीत का खाता खोल लिया। वहीं, नेपाल की टीम को शुरुआती दोनों मैचों में हार मिली है। जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का की शानदार साझेदारी के दम पर इटली ने नेपाल को टी20 विश्व कप के मुकाबले में 10 विकेट से हराया। इटली ने पहली बार विश्व कप में जीत दर्ज की है और उसके लिए यह सफलता ऐतिहासिक है। इटली ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और क्रिशान कालुगमागे की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से नेपाल को सस्ते में ऑलआउट किया। नेपाल की टीम 19.3 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मोस्का ब्रदर्स ने बेहतरीन साझेदारी की जिससे इटली ने 12.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। इटली की टीम ग्रुप सी में दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं, नेपाल को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है और वह सबसे नीचे पांचवें स्थान पर है। इस ग्रुप में शीर्ष पर वेस्टइंडीज की टीम है जिसने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। इसके अलावा स्कॉटलैंड की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। इटली की जीत से इंग्लैंड के लिए सुपर आठ चरण की डगर मुश्किल हो चली है। इंग्लैंड को ग्रुप चरण में अब शेष दो मैच स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ खेलने हैं।

# बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों के लिए मिली मंजूरी

**बंगलूरू।** कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैच आयोजित करने की अनुमति देने का फैसला किया।

बता दें कि, पिछले साल जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद से स्टेडियम में क्रिकेट मैचों पर रोक लगा दी गई थी।

### शर्तों के साथ मिली मंजूरी

घटना की जांच के लिए सरकार ने न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने कई सिफारिशें दी थीं। बाद में ग्रेटर बंगलूरू अथॉरिटी के मुख्य आयुक्त एम. महेश्वर राव के नेतृत्व में एक पैनल बनाया



गया, जिसे यह देखने की जिम्मेदारी दी गई थी कि सिफारिशों को लागू किया गया है या नहीं। कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, आज हमने आईपीएल मैचों को आयोजित करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है, लेकिन कैबिनेट ने गृह विभाग से कहा है कि वह विशेष आदेश जारी कर शर्तें तय करे, जिन्हें केएससीए और आरसीबी को पूरा करना होगा।

आदेश अगले दो दिनों में जारी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शर्तों में स्टेडियम के गेट चौड़े करना भी शामिल है। मंत्री ने यह भी कहा कि कैबिनेट में विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी चर्चा हुई। कुछ स्थानों पर इसे जिस तरीके और प्रक्रिया से लागू किया जा रहा है, उस पर विचार-विमर्श किया गया। कैबिनेट ने कानून और संसदीय कार्य विभाग को इस पर अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## अर्थ ज्योति

# चांदी की कीमतों में 3500 रुपए का उछाल, सोना 1.54 लाख रुपए पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। चांदी की कीमत 3580 रुपये की उछाल के साथ 2.41 लाख प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 2090 रुपये महंगा होकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का भाव 6,074 रुपये गिरकर 1,52,681 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमत 26,518 रुपये सस्ती होकर 2,36,500 प्रति किलो पर आ गया। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 400 रुपये गिरकर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी खरीदारी के संकेत दिखे। कॉमेक्स पर चांदी की कीमतों में वैल्यू बाइंग देखने को मिली और यह इंट्राडे में 77.045 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर तक पहुंच गई, जो ओपनिंग बेल के कुछ ही मिनटों में 1.25 प्रतिशत से अधिक की तेजी को दर्शाता है। एशियाई बाजारों में शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी दोनों में हल्की खरीदारी दर्ज की गई। कॉमेक्स गोल्ड करीब 5,000 डॉलर प्रति औंस के आसपास हरे निशान में ट्रेड करता दिखा, जिसमें इंट्राडे लगभग 1.10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 2026 में सोना और चांदी की कीमतें भारी उतार-चढ़ाव के दौर में प्रवेश कर गई हैं।

पिछले साल की असाधारण तेजी के बाद दोनों कीमती धातुएं अपने उच्च स्तर से करीब 16 से 43 प्रतिशत तक फिसल चुकी हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बदलती उम्मीदों ने निवेशकों की धारणा पर असर डाला है, जिससे हालिया करेक्शन देखने को मिला। यह कमजोरी लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर हो सकती है।

# किसान क्रेडिट कार्ड में बदलावः अब मिट्टी की जांच व मौसम की जानकारी के लिए भी लोन

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के नियमों में बड़े बदलाव का मसौदा जारी किया है। इस पर आम लोगों से 6 मार्च तक राय मांगी गई गई है। इन मसौदा नियमों के अनुसार अब केसीसी के तहत ऋण की अवधि पांच की जगह छह वर्ष की जा सकती है। इसके अलावे, मिट्टी की जांच व मौसम से जुड़ी जानकारी जुटाने पर किया गया खर्च भी इसमें जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है।

देश में खेती-किसानी को अत्याधुनिक बनाने और किसानों की ऋण सीमा को यथार्थवादी बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी तैयारी की है। केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्कीम में बदलाव के लिए नया मसौदा जारी किया। आरबीआई के नए मसौदा नियमों के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड सिर्फ खाद-बीज खरीदने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें मिट्टी की जांच और मौसम पूर्वानुमानों से जुड़ी रिपोर्ट का खर्चा भी शामिल रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की हालिया घोषणा के बाद केंद्रीय बैंक ने नए मसौदा नियम जारी किए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला, रेरा को बंद कर देना ही बेहतर

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसे बंद कर देना ही बेहतर है। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच ने ये बात कही। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। यह संस्था खरीदारों की मदद के बजाय केवल डिफॉल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रही है। कोर्ट ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए रेरा बनाया गया थाए वह पूरी तरह भटक गया है।

### रिटायर्ड अफसरों का ठिकाना बना रेरा

सुनवाई के दौरान जब बेंच को बताया गया कि रेरा में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को नियुक्त किया गया है तो चीफ जस्टिस ने कहा, हर राज्य में यह रिटायर्ड नौकरशाहों के लिए एक रिहैबिलिटेशन सेंटर बन गया है। इन अथॉरिटीज में सिर्फ ऐसे ही लोग भरे हुए हैं। चीफ जस्टिस ने कहा, जिन लोगों यानि होमबायर्स के लिए यह संस्था बनाई गई थी, वे आज पूरी तरह निराश और दुखी हैं।

### रेरा ऑफिस धर्मशाला शिफ्ट होगा

यह मामला हिमाचल प्रदेश सरकार के उस नोटिफिकेशन से जुड़ा था जिसमें रेरा ऑफिस को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने की बात कही गई थी। हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने राज्य सरकार को ऑफिस शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि होमबायर्स की सुविधा के लिए अपीलीय ट्रिब्यूनल को भी धर्मशाला शिफ्ट किया जाए।

### रेरा ने स्कीम को बर्बाद किया

यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने रेरा पर सवाल उठाए हैं। सितंबर, 2024 में भी जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि रेरा पूर्व नौकरशाहों का ठिकाना बन गया है जिन्होंने इस एक्ट की पूरी भावना और योजना को ही विफल कर दिया है।

# किसानों के लिए सुनहरा मौका! सर्दियों में बोएं ये फूल, गर्मियों में करें मोटी कमाई





**सर्दी** का सीजन चल रहा है और ऐसे में अगर आप ऐसे व्यवसाय की तलाश में है, जिसमें कम मेहनत में अच्छा मुनाफा मिल सकें, तो फूलों की खेती आपके लिए अच्छा जरिया बनकर उभर सकता है। आज के समय में किसान भाई गेहूं, चने की खेती करने के अलावा अन्य फसलों की ओर भी बढ़ रहे हैं, जिनमें फूलों की खेती सबसे अधिक लोकप्रिय हो रही है। साथ ही अगर किसान भाई सर्दी के मौसम में फूलों की खेती करते हैं, तो वह कम लागत में अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। इस मौसम में यह खेती किसानों के लिए मुनाफे का सौदा साबित हो सकती है, क्योंकि फूलों की मांग बाजारों में बारह महीने बनी रहती है शादी में नवरात्री जैसे बड़े पर्व में मार्किट में फूलों की डिमांड बड़े पैमाने पर बढ़ जाती है, जिससे किसानों की तगड़ी कमाई हो जाती है, तो आइए यहां जानें किन फूलों की खेती से अच्छी आमदनी हो सकती है।

## फूलों की खेती क्यों है फायदेमंद?

किसान अगर फूलों की खेती करते हैं, तो वह कम समय में अच्छी फसल तैयार सक सकते हैं। साथ ही इस फसल की खासियत यह है कि पारंपरिक फसलों के मुकाबले फूलों की खेती में जोखिम कम होता है, क्योंकि फूलों की मांग सालभर बनी रहती है। खास मौकों पर फूलों की कीमत भी बढ़ जाती है, जिससे किसानों की आमदनी में भी इजाफा हो जाता है। अगर कोई किसान फूलों की खेती जनवरी-फरवरी में करना शुरु करता है, तो वह अप्रैल-मई तक फूलों की फसल आसानी से तैयार कर सकता है और बाजारों में बेचकर अच्छी आय अर्जित कर सकता है।

## किन फूलों की खेती से मिलेगा ज्यादा लाभ

किसान अगर अप्रैलङ्कमई की मांग को ध्यान में रखते हुए इन फूलों की वैरायटी को अपनाते है, तो अच्छा मुनाफा कमा सकते है। इनमें गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा गुलदाउदी और अलमंडा प्रमुख हैं।

**गेंदाः** इस फूल का उपयोग नवरात्रि, पूजा और शादी-ब्याह में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है।

**गुलाबः** गुलाब के फूल का इस्तेमाल सजावट, पूजा और व्यक्तिगत उपयोग में इसकी मांग हमेशा रहती है।

**रजनीगंधाः** इस फूल की मांग इसकी खुशबू और सुंदरता के कारण होती है। साथ ही शादी समारोहों में इस फूल को खास पसंद किया जाता है।

**गुलदाउदीः** यह एक ऐसा फूल है, जो लंबे समय तक टिकने वाला है, जिससे किसानों को भी लाभ मिल जाता है। वह इस फूल की बिक्री आसानी से अगले दिन भी कर सकते हैं। बता दें कि इन फूलों की खेती स्थानीय जलवायु के अनुसार आसानी से की जा सकती है और बाजार में इनकी डिमांड लगातार बनी रहती है।

## कितना मिलेगा मुनाफा?

किसान अगर इन फूलों की खेती एक छोटे स्तर पर करते हैं, तो वह लगभग 15 से 20 हजार रुपये का निवेश में पौधे, खाद, सिंचाई, मजदूरी को मिलाकर इतने खर्च में फूलों की खेती की शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही अगर फूलों को सही देखभाल मिल जाए और सही समय पर बाजार में बेचा जाए, तो तीन महीनों के अंदर किसान सीजन में फूलों से लाखों रुपये तक की कमाई कर सकते हैं।

अगर किसान फूलों की खेती शुरू करना चाहते हैं, तो वह सबसे पहले उद्यान विभाग में पंजीकरण कराएं। इसे कराने से किसानों को पौधों और अन्य इनपुट्स पर अनुदान का लाभ मिल सकता है। साथ ही लागत और कम हो जाती है। इसके अलावा, जैविक खाद और प्राकृतिक तरीकों से खेती करने पर फूलों की गुणवत्ता बेहतर होती है, जिससे बाजार में अच्छे दाम मिलने की गुंजाइश हो जाती है।

# शिमला मिर्च की खेती- समय और तकनीक से पाएं भरपूर उत्पादन

**अगर** आप किसान है और ऐसी फसल की तलाश में है, जो सर्दियों के मौसम में तगड़ी इनकम करा सकें। ऐसे में शिमला मिर्च आपके लिए सही विकल्प है, क्योंकि इसकी बाजार में सालभर मांग बनी रहती है और सही तकनीक अपनाने पर इससे अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। शिमला मिर्च की खेती मुख्य रूप से रबी और खरीफ दोनों मौसमों में की जाती है, जिसका किसानों को बड़ा मुनाफा हो सकता है।



## खेती का उपयुक्त मौसम और समय

अगर आप शिमला मिर्च की खेती करने की सोच रहे हैं, तो इस फसल के लिए फरवरी-मार्च और जून-जुलाई को सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। यानी की मैदानी इलाकों में किसान दो अलग-अलग समय पर इसकी रोपाई कर सकते हैं और तगड़ी कमाई अर्जित कर सकते हैं। साथ ही शिमला मिर्च एक ऐसी सब्जी है जिसकी मांग पूरे साल बनी रहती है, लेकिन सर्दियों में इसकी गुणवत्ता और स्वाद बेहतर हो जाता है। यही वजह है कि इस मौसम में इसके दाम बाजार में अच्छे मिलते हैं।

## सिंचाई और देखभाल

अगर आप शिमला मिर्च की खेती कर रहे हैं, तो इस बात का विशेष रुप से ख्याल रखें कि इस फसल को नियमित सिंचाई की आवश्यकता होती है, लेकिन अधिक पानी नुकसानदायक हो सकता है।

## फसल अवधि और तुड़ाई

शिमला मिर्च की फसल जल्दी तैयार होने वाली फसलों में शामिल होने फसलों में से एक है, जिसकी रोपाई किसान लगभग 60 से 75 दिनों बाद ही फल की तुड़ाई करना शुरू कर सकते हैं। साथ ही समय पर तुड़ाई करते रहें, ताकि पौधों पर नए फूल और फल आते रहते हैं, जिससे कुल उत्पादन में बढ़ोतरी होना शुरु हो जाए। इसके अलावा किसान इस फसल से करीब 3 महीने तक लगातार उपज प्राप्त कर बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं।

## कितना होगा मुनाफा?

किसान भाई अगर मल्च विधि से शिमला मिर्च की खेती करते हैं, तो बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही इस तकनीक से जिसमें खेत की मेड़ बनाकर उस पर प्लास्टिक मल्च बिछाई जाती है। इससे नमी बनी रहती है और किसान अगर इस तकनीक से शिमला मिर्च की खेती करते हैं, तो वह खरपतवार पर भी नियत्रंण कर सकते हैं, क्योंकि मल्च विधि में खरपतवार कम उगते हैं और पौधों की ग्रोथ बेहतर होती है। भाई मुनाफा इससे भी ज्यादा कमा सकते हैं।

# किसानों के लिए सुनहरा मौका! सर्दियों में इस हरे फल की बुवाई, अप्रैल-मई में तगड़ी कमाई



**देश** के किसान अगर खेती सही समय के अनुसार करते हैं, तो वह तगड़ा मुनाफा कमा लेते हैं, लेकिन सर्दियों के मौसम में हर किसान के मन में बस यह सवाल है कि कौन-सी फसल उनकी आमदनी में इजाफा कर सकती हैं। ऐसे में अगर किसान भाई तरबूज की खेती करते हैं, तो वह अच्छी आमदनी अर्जित कर सकते हैं। साथ ही इस फल की गर्मी के मौसम में भी बाजारों में भी अधिक डिमांड बनी रहती है, जिसके चलते किसानों को इस फसल के अच्छे दाम मिल सकते हैं।

## अगेती बुवाई का सही समय

किसान अगर अगेती तरबूज की खेती कर रहे हैं, तो वह दिसंबर से जनवरी के बीच इस फसल की बुवाई करें। इस दौरान तापमान अपेक्षाकृत कम रहता है। इसके अलावा तरबूज की खेती करते दौरान किसान सही किस्म का जरुर चुनाव करें ताकि यह समय से पहले अच्छी पैदावार दें, जिससे मुनाफे की भी संभावना बढ़ जाए।

## खेत की तैयारी से तय होती है पैदावार

फसल की अच्छी पैदावार के लिए खेत की तैयारी सबसे ज्यादा मायने रखती है। ऐसे में किसान बुवाई पहले खेत 2-3 बार गहरी जुताई करें और खेत को समतल करें। इसके बाद खेत में गोबर की सड़ी हुई खाद, वर्मी कम्पोस्ट या अन्य जैविक खाद को खेत में अच्छी तरह से छिड़काव करने के साथ ही ट्राइकोडर्मा का उपयोग करें ताकि, मिट्टी में मौजूद हानिकारक फफूंद से पौधे बचे रहे और पौधे स्वस्थ रहें।

## मेड़ों पर करें बुवाई

अगर आप अगेती तरबूज की खेती कर रहें है, तो जल निकास का खासतौर से ध्यान रखें। इसके अलावा इस फसल की बुवाई मेड़ों पर ही करें, जिससे किसानों को यह फायदा होगा की अगर खेतों में पानी भर जाता है, तो इस स्थिति में पौधे सड़ने का खतरा कम हो जाएगा। साथ ही पौधों में रोग लगने का भी खतरा कम हो जाएगा।

## कितनी मिलेगी उपज?

गर्मी के अप्रैल-मई के महीने में जैसे ही तापमान बढ़ता है, तरबूज की मांग तेजी से बढ़ जाती है। इस समय शादीङ्कविवाह, धार्मिक कार्यक्रम और रोजमर्रा की खपत के चलते बाजार में तरबूज की खपत अधिक होती है। ऐसे में अगर किसान भाई जनवरी के महीने में करते हैं, तो 60-65 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाती है, जिससे सही प्रबंधन से किसानों को 30 टन तक उपज मिल सकती है।

# वैज्ञानिक ढंग से गन्ने की खेती कर बढ़ाएं उत्पादन

गन्ना भारत की एक प्रमुख नकदी फसल है, जिसकी खेती यदि वैज्ञानिक विधियों से की जाए तो उत्पादन और लाभ दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। गन्ने की सफल खेती के लिए उपयुक्त जलवायु, उपजाऊ मिट्टी, सही समय पर बुवाई और उन्नत किस्मों का चयन अत्यंत आवश्यक है। संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग, समयानुसार सिंचाई तथा खरपतवार नियंत्रण फसल की अच्छी बढ़वार में सहायक होते हैं। बीज गन्ने का सही चुनाव, उसका उपचार और भूमि की उचित तैयारी करने से अंकुरण प्रतिशत बढ़ता है। साथ ही कीट एवं रोग प्रबंधन, मिट्टी चढ़ाना, गुड़ाई और समय पर बंधाई जैसी क्रियाएं गन्ने की गुणवत्ता सुधारती हैं। इन सभी वैज्ञानिक उपायों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं और खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं।



## शीघ्र पकने वाली

को.शा. 8436, 88230, 95255, 96268, को. से. 95422, 03234, 98231, को. लख. 94184 को.शा. 03251, 08272, को. 0118, 0237, 0238, 0239 एवं 98014, यू.पी. 05125, को. लख. 9709, को.से. 01235, को 87263, 87268, को. 89029 को. 0232

## बीज गन्ना चुनाव व मात्रा

रोग व कीट रहित, प्रचुर मात्रा में खाद वर पानी प्राप्त खेत (पौधाशाला) से शुद्ध बीज का चुनाव करें। गन्ने के ऊपरी 1/3 भाग का जमाव अपेक्षाकृत अच्छा होता है। गन्ने की मोटाई के अनुसार 50-60 कुन्तल (लगभग 37.5 हजार) तीन-तीन आँख के पैड़े प्रति हेक्टेयर) बीज की आवश्यकता पड़ती है। देर से बुवाई करने पर उपरोक्त का डेढ गुना (56.25 हजार तीन-तीन आँख के टुकड़े) बीज की आवश्यकता होती है।

## बीज उपचार

**(अ) उष्णोपचार**-गर्म जल में 52 डिग्री से.ग्रे. पर दो घन्टे तक अथवा आर्द गर्म हवा यन्त्र में 54 डिग्री से.ग्रे. पर 2.30 घंटे तक पैडों को उपचारित करना चाहिए. फसल अवशेष को मत जलाओं, प्रकृति कहे उसे खेत में मिलाओ है।

**(ब) रासायनिक उपचार**- बाविस्टीन की 112 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की 112 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने के पेड़ों को 10 मिनट डुबोकर उपचारित करना चाहिए।

## भूमि उपचार

दीमक नियंत्रण हेतु फेनवलरेट 0.4 प्रतिशत धूल 25 कि.ग्रा./हे. पेड़ों पर बुरकनी एवं इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस. एल. दर 400 मिली. प्रति हे. को 1875 लीटर पानी में घोल कर पेड़ों पर डालना. अंकुर बेधक व दीमक नियंत्रण हेतु क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत घोल 5.0 लीटर /हे. की दर से 1875 लीटर पानी में घोल कर अथवा फोरेट 10 जी 25 कि.ग्रा./हे. का प्रयोग पेड़ों के ऊपर करके ढकाई करनी चाहिए। अथवा रीजेन्ट 0.3 प्रतिशत दर 20 कि.ग्रा./हे. की दर से प्रयोग करें।

## पंक्ति से पंक्ति की दूरी

शरद बुवाई - 90 सेमी.
बसंत बुवाई - 90 सेमी.
देर से बुवाई - 60 सेमी.

## संशोधित ट्रेंच विधि से

पंक्ति से पंक्ति की दूरी - 120 सेमी.

प्रति 30 सेमी. दूरी में दो आँख का पैड़ा डालना चाहिए। संशोधित ट्रेन्च विधि में दो आँख के टुकडे 10 सेमी. की दूरी पर एक मीटर में 10-12 टुकडे संभायोजित करें।

## खाद की मात्रा

बसंत बुवाई - 180 कि.ग्रा. नत्रजन/हे.

शरद बुवाई - 200 कि.ग्रा. नत्रजन/हे.

## प्रयोग समय

नत्रजन उर्वरक की कुल मात्र का 1/3 भाग तथा मृदा परीक्षण के अनुसार भूमि में कमी होने की दशा में 60 से 80 कित्र.ग्रा. फासफोरस एवं 40-60 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हे. की दर से बुवाई से पूर्व कूड़ों में डालना चाहिए. नत्रजन की शेष दो-तिहाई मात्रा दो समान हिस्सों में जून से पूर्व प्रयोग करना चाहिए।

## सिंचाई

प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में 4-5 मध्य क्षेत्र में 5-6 तथा पश्चिमी क्षेत्र में 7-8 सिंचाई (दो सिंचाई वर्षो उपरान्त करना लाभप्रद पाया गया है।

# आम के पेड़ों में गोंद बहना न करें नजरअंदाज

## ये वैज्ञानिक उपाय अपनाकर बचाएं बागान



**आम** को फलों का राजा कहा जाता है, किंतु इसकी सतत उत्पादकता अनेक रोगों से प्रभावित होती है। इन्हीं में गमोसिस एक अत्यंत गंभीर एवं व्यापक रोग है, जो देश के लगभग सभी आम उत्पादक क्षेत्रों- विशेषकर बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल में देखा जाता है। यदि समय रहते इसका वैज्ञानिक प्रबंधन न किया जाए तो पेड़ की बढ़वार रुक जाती है, फलन घटता है और अंततः पूरा वृक्ष सूख भी सकता है। तनों व शाखाओं से गोंद का रिसाव ङ्क छाल के नीचे से पीला भूरा, चिपचिपा गोंद निकलना, जो सूखकर काला हो जाता है। छाल का फटना व सड़न-प्रभावित भागों पर दरारें पड़ जाती हैं। पत्तियों का पीला पड़ना-पोषण अवशोषण बाधित होने से पत्तियाँ पीली होकर झड़ने लगती हैं।

**फल झड़ना** - कच्चे फल असमय गिर जाते हैं, जिससे उपज में भारी कमी आती है।

**जड़ सड़न व वृक्ष का सूखना** - गंभीर अवस्था में जड़ें सड़ जाती हैं और पेड़ धीरे धीरे मर जाता है। बाग में उचित जल निकास की व्यवस्था करें, नालियाँ अवश्य बनाएं। पेड़ों के बीच संतुलित दूरी रखें ताकि वायु संचार बना रहे। संक्रमित शाखाओं व छाल को खुरचकर हटा दें और नष्ट करें। तनों के चारों ओर मिट्टी चढ़ाकर नमी का सीधा संपर्क कम करें। मायकोराइजा के प्रयोग से जड़ों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके लिए पुराने स्वस्थ आम बाग की 5 किग्रा मिट्टी नए या रोगग्रस्त पेड़ों के चारों ओर फैलाएं।

# लख्खी मेलाः एक हजार सुरक्षाकर्मी और 5 सौ कैमरों की निगरानी में सजेगा बाबा का दरबार

सांध्य ज्योति न्यूज



**खाटूश्यामजी।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले को लेकर श्रीश्याम मंदिर कमेटी और प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। कमेटी के कर्मचारी श्याम भक्तों की हर सुविधा सुनिश्चित करने में जुटे हैं। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए 40 लाख पानी के पाउच की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही रींगस रोड़ और मण्डा रोड़ से लेकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र खाटूधाम तक 15 पानी के टैंकर तैनात रहेंगे।

**सफाई व्यवस्था चाक-चौबंदः** सफाई के लिए 10 ऑटो टिपर, 300 सफाई कर्मचारी दिन में और 150 कर्मचारी रात्रिकालीन ड्यूटी पर रहेंगे। कचरा संग्रहण के लिए 20 ट्रैक्टर दिन में और 10 ट्रैक्टर रात में लगाए जाएंगे।

**टॉयलेट और रोशनी की व्यापक व्यवस्थाः** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 300 मोबाइल टॉयलेट और 200 स्थायी पत्थर के टॉयलेट उपलब्ध रहेंगे। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र सहित रींगस और मण्ढा रोड़ पर पानी, टॉयलेट और रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है। 40 अस्थाई विद्युत कनेक्शन और 30 जनरेटर लगाए जाएंगे।

**भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्लानः** मंदिर में आवागमन के लिए चारण मेला मैदान और लखदातार मेला ग्राउंड से 40 फीट चौड़ा मार्ग में भक्तों के लिये सुविधा रहेगी। रींगस रोड के पास 40 बीघा जमीन पर बैरिकेडिंग कर तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। चारण मैदान और लखदातार मैदान भरने की स्थिति में श्रद्धालुओं को यहां रोका जाएगा।

**पार्किंग और यातायात व्यवस्थाः** वाहनों की पार्किंग के लिए सांवलपुरा रोड़ को विकसित किया गया है तथा साहपुर तिराहे पर भी पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। यातायात व्यवस्था के लिए 5 छोटी और 5 बड़ी क्रेन तैनात रहेंगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** मेले के दौरान मंदिर कमेटी पुलिस को 1000 सुरक्षाकर्मी होमगार्ड सुरक्षा के लिये उपलब्ध करायेगी।

सम्पूर्ण मेले की निगरानी के लिए 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मंदिर और मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए अलग से 100 सीसीटीवी कैमरे और 300 होमगार्ड तैनात रहेंगे। पुलिस के लिए डोम बनाकर आवासीय व रसद व्यवस्था की जा रही है।

**स्वास्थ्य सेवाएं और सहायता केंद्रः** श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा के लिए 10 मेडिकल कैंप, पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था और 10 एम्बुलेंस उपलब्ध रहेंगी। मेले में 5 स्थानों पर पूछताछ केंद्र तथा एक मीडिया सेंटर भी स्थापित किया जाएगा।

हर वर्ष की तरह इस बार भी वार्षिक फाल्गुन मेला और मासिक मेले की व्यवस्थाएं मंदिर कमेटी और प्रशासन के समन्वय से की जा रही हैं ताकि देशभर से आने वाले श्याम भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ताखर पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का शुभारंभ कल

सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे के खाटूश्यामजी रोड स्थित रुकमणी गार्डन में स्थित ताखर हॉस्पिटल में शनिवार 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे ताखर पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में खंडेला विधायक सुभाष मील मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सेंटर का उद्घाटन करेंगे। शुभारंभ अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। ताखर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. भंवर सिंह ताखर एवं डॉ. बलबीर सिंह ताखर ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं जीवनशैली सुधार से जुड़ी आधुनिक व पारंपरिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य रोगों के मूल कारणों का उपचार कर स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है।


### सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

### सूचना

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम,
संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेलः** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

### आवश्यक सूचना

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611


## खाटूश्यामजी में व्यापार मंडल का सराहनीय कदम



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले की तैयारियों के बीच खाटूश्यामजी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और स्थानीय व्यापारियों की व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के उद्देश्य से देर रात तक व्यापारियों के प्रवेश पास बनाने के कार्य में जुटे रहे।व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू जोशी और कोषाध्यक्ष गिरिराज मटोलिया ने बताया कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में देश-विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन अपने स्तर पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की तैयारियां कर रहा है वहीं व्यापार मंडल भी व्यापारियों की सुविधा और उनके कार्य संचालन को व्यवस्थित रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रहा है।उन्होंने कहा कि प्रवेश पास की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए पदाधिकारी लगातार रात-रात भर कार्य कर रहे हैं ताकि किसी भी व्यापारी को परेशानी का सामना न करना पड़े।इस दौरान उपमंत्री ताराचंद कुमावत, सदस्य फूलचंद भामू, सांवरमल चुंदवाल सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से प्रवेश पास बनाने के कार्य में जुटे नजर आए।

## रींगस-सीकर रेलखंड के दोहरीकरण को मिली मंजूरी, 470 करोड़ की लागत से होगा काम

सांध्य ज्योति न्यूज



**रींगस।** शेखावाटी क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। रींगस-सीकर के बीच 50 किलोमीटर लंबे रेलखंड के दोहरीकरण कार्य को 470.34 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से क्षेत्र में रेल यातायात तेज और सुगम होगा, वहीं जयपुर और दिल्ली के साथ बेहतर संपर्क स्थापित हो सकेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की विशेष पहल पर यह स्वीकृति दी गई है। इसका सीधा लाभ रींगस, सीकर सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी इलाकों को मिलेगा। दोहरीकरण के बाद इस मार्ग की लाइन क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। इससे न केवल अधिक ट्रेनों का संचालन संभव होगा, बल्कि ट्रेनों की गति भी बढ़ेगी। यात्रियों को समय की बचत के साथ बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा। शेखावाटी क्षेत्र पर्यटन, शिक्षा और रक्षा सेवाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। पिलानी और लक्ष्मणगढ़ जैसे शिक्षा केंद्रों में देशभर से विद्यार्थी आते हैं। वहीं क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं। रींगस-सीकर रेल मार्ग पर दोहरीकरण से खाटूश्यामजी आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह परियोजना यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाएगी। साथ ही सालासर, जीणमाता और शाकम्भरी माता जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंच भी बेहतर होगी। रेलवे द्वारा रींगस-खाटूश्यामजी के बीच 18 किलोमीटर नई रेल लाइन का कार्य 254 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके अलावा रींगस और सीकर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य भी प्रगति पर है। इन सभी रेल परियोजनाओं के पूरा होने से शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## रींगस में रातों-रात हुआ पेचवर्क, सुबह होते ही उखड़ी डामर

### सड़क पर बिखरी गिट्टी, आमजन के लिए बनी परेशानी

सांध्य ज्योति न्यूज



**रींगस।** शहर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया गया पेचवर्क 12 घंटे भी नहीं टिक सका। रात के समय गड्ढों में डाली गई डामर सुबह होते ही सड़कों पर बिखर गई। भैरुजी मोड़ से अस्पताल चौराहा तक गौरव पथ सहित आरओबी पुलिया पर कराया गया पेचवर्क वाहन चालकों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गया। सुबह के समय सड़क पर फैली गिट्टी और उखड़ी डामर के कारण दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। वहीं कई वाहन फिसलते नजर आए, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रही। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अखिल भास्कर ने डामर के उखड़ने का कारण ठंडा होना बताया। उनका कहना है कि तापमान कम होने के कारण डामर सड़क पर ठीक से जम नहीं पाई, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। शहरवासियों ने विभाग के इस तर्क पर सवाल खड़े किए हैं। नागरिकों का आरोप है कि रात के अंधेरे में पेचवर्क कर घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, ताकि गुणवत्ता की जांच न हो सके। लोगों का कहना है कि यदि सामग्री और प्रक्रिया सही होती तो डामर इतनी जल्दी नहीं उखड़ती। गौरतलब है कि आगामी खाटूश्यामजी मेले को देखते हुए शहर की सड़कों को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह पेचवर्क कराया जा रहा है। लेकिन कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल विभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। शहरवासियों ने मांग की है कि पेचवर्क की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बाबा श्याम का सजावट का कार्य हुआ शुरू



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** में बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। वार्षिक लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी जुटी हुई है। मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र श्याम मंदिर को आकर्षक सजाया जा रहा है।श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि मंदिर सजावट के लिए कोलकाता बंगाल से आए करीब 120 अनुभवी कारीगर दिन रात जुटे हुए हैं। श्याम मंदिर को बांस, थर्माकोल एवं विभिन्न रंग बिरंगे फूलों से भव्य रुप दिया जा रहा है।इस बार मंदिर की सजावट में देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां भी सजाई जाएगी।जिनके मनमोहक दर्शन करते हुए भक्तजन श्याम दर्शन करने के लिए मंदिर में प्रवेश करेंगे। बाबा श्याम के लक्खी मेले में बाबा श्याम के मंदिर की भव्य व दिव्य सजावट का कार्य प्रगति पर चल रहा है।

## पुलिस की कार्रवाईः हाइवे पर गलत दिशा में दौड़ रहे ट्रेलरों पर सख्ती

सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। बुधवार देर रात पुलिस ने दो ट्रेलरों को जब्त कर उनके चालकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए है। पुलिस के अनुसार, एनएच-52 पर पारीक धर्म कांटे के सामने स्थित कट से भैरुजी मोड़ की ओर दो ट्रेलर गलत दिशा में जा रहे थे। इससे हाइवे पर चल रहे अन्य वाहनों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों ट्रेलरों को रुकवाकर कार्रवाई की। ट्रेलर चालक निषाद पुत्र छोटूराम निवासी त्रिलोकपुरा और सुरेंद्र निवासी गणेश्वर के खिलाफ सहायक उप निरीक्षक सांवताराम गुर्जर ने मुकदमे दर्ज करवाए हैं। पुलिस ने दोनों ट्रेलरों को जब्त कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल खेमचंद यादव और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि हाइवे पर यातायात नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## रींगस में किसान सभा ने किया प्रदर्शन, ट्रम्प का पुतला दहन

सांध्य ज्योति न्यूज



**रींगस।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी ने गुरुवार को अखिल भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय आह्वान पर प्रस्तावित आम हड़ताल के समर्थन में केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने मिल तिराहा स्थित शहीद भगत सिंह सर्किल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन कर विरोध जताया।प्रदर्शन किसान, मजदूर व शिक्षा विरोधी बजट, मनरेगा कानून को समाप्त करने की कथित साजिश तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष केशाराम धायल और तहसील सचिव भूदाराम बगडिया ने किया। इस अवसर पर किसान सभा नेता एडवोकेट सीताराम पावण्डा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किया गया व्यापार समझौता देश के किसानों व आम जनता के लिए विनाशकारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्यात पर 18 प्रतिशत और आयात पर शून्य प्रतिशत टैरिफ से अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा और किसान कर्ज के बोझ तले दबेंगे।किसान सभा जिला कमेटी सदस्य मालीराम वर्मा ने 2026-27 के बजट को किसान, मजदूर और आमजन की अनदेखी वाला बताते हुए शिक्षा बजट में कटौती पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं होने पर भी विरोध दर्ज कराया। तहसील सचिव भूदाराम बगडिया ने चार लेबर कोड को मजदूर विरोधी बताते हुए संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान व मजदूर मौजूद रहे।

## खाटूश्यामजी मेले में सिंदूर एक्सप्रेस और एनडी एक्सप्रेस से होगी निर्बाध गैस आपूर्ति

सांध्य ज्योति न्यूज



**रींगस।** खाटू श्यामजी के वार्षिक मेले में श्रद्धालुओं और स्थानीय उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पवन गैस एजेंसी ने इस वर्ष नई पहल की है। एजेंसी ने सिंदूर एक्सप्रेस और एनडी एक्सप्रेस नाम से वीएम आधारित दो अत्याधुनिक वाहन लॉन्च किए हैं, जो 24 घंटे गैस आपूर्ति सेवा के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे। एजेंसी की ओर से बताया गया कि खाटू श्यामजी मेले में बीते 32 वर्षों से बेहतर सेवा देने का अनुभव रखते हुए इस बार सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। दोनों वाहनों में अग्निशामक यंत्र, अग्निरोधक बॉल, सिलिंडर का वजन जांचने के लिए वाहन में ही स्थापित आधुनिक कांटा, लीकेज जांच के लिए फेस्टो किट, फर्स्ट एड बॉक्स और आपसी समन्वय के लिए वॉकी-टॉकी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एजेंसी प्रवक्ता मुकेश चोपड़ा ने बताया कि एजेंसी का प्रमुख लक्ष्य उपभोक्ताओं को लीकेज रहित और पूरे वजन का सिलिंडर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पवन गैस एजेंसी जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मेले के दौरान श्रद्धालुओं और आमजन को सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद गैस सेवा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेले के दौरान बढ़ती मांग को देखते हुए एजेंसी की यह पहल न केवल उपभोक्ताओं के लिए राहत बनेगी, बल्कि सुरक्षा मानकों को लेकर एक नई मिसाल भी पेश करेगी।

## आचार्य विद्यासागर पाठशाला के 21 बच्चों ने किया फास्ट फूड त्याग : जम्बू जैन सर्राफ



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसिया जी दादाबाड़ी में आज प्रातः 9 बजे ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री योगसागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में शांतिधारा, पूजन-अर्चन एवं पादप्रक्षालन का आयोजन संपन्न हुआ। क्षेत्र अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनि 108 श्री योगसागर महाराज ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य का दृष्टिकोण बदल गया है। दूसरों के प्रति दयाभाव समाप्त होता जा रहा है, इसी कारण सब कुछ होते हुए भी व्यक्ति दुखी और परेशान है। इसके लिए हम स्वयं ही कर्ता हैं। मुनि श्री ने सम्यक दृष्टि विकसित करने, विषयों के प्रति आसक्ति से बचने तथा इंद्रियों पर नियंत्रण रखने का संदेश दिया। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि साधु और गृहस्थ एक समान रोटी ग्रहण करते हैं, फिर भी साधु कर्मों की निर्जरा करता है।

## निर्धारित अवधि में निर्माण नहीं कराने पर प्राधिकरण सख्त सुभाष नगर में 4 भूखण्डों के आवंटन निरस्त



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** गुरुवार को कोटा विकास प्राधिकरण परिसर में आयुक्त महोदया श्रीमती ममता तिवाड़ी की अध्यक्षता में नियमित जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन पर आयुक्त महोदया द्वारा गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में कुल 52 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें भूखण्ड का पट्टा जारी करने, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, पुनर्वास, लीज डीड, आधारभूत सुविधाओं के विकास, सड़क-नाली निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी विषय प्रमुख रहे। इनमें से कुछ प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों में आगामी जनसुनवाई की तिथि निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## पक्षियों के दाना पानी स्थल के लिए स्काउट गाइड व कब बुलबुल ने आंवली वन क्षेत्र में किया श्रमदान



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** स्काउट-गाइड एवं कब बुलबु ल ने गुरुवार को स्थानीय वन क्षेत्र आंवली का भ्रमण कर वन और वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों और युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने संकल्प को दोहराया और वन्य जीवों तथा पक्षियों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय लिया। शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा 696 आर कोटा बारां एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के तत्वाधान में मनाए जा रहे वन एवं वन्य जीव संरक्षण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउटङ्गगाइड एवं कब बुलबुल ने पक्षियों के लिए दानाङ्गपानी स्थल तैयार करने के लिए श्रमदान किया।

## भरतपुर आईजी कैलाश चंद विश्नोई ने गंगापुरसिटी में की जनसुनवाई



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कैलाश चंद विश्नोई ने गुरुवार को गंगापुर सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली थाने में जनसुनवाई की और आमजन की समस्याएं सुनीं। आईजी ने बामनवास क्षेत्र की एक गंभीर घटना पर जल्द खुलासे का आश्वासन भी दिया।गंगापुर सिटी पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने आईजी विश्नोई का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार भी मौजूद रहे। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना था। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें भूमि विवाद, मारपीट, लंबित प्रकरणों की जांच और महिला उत्पीड़न जैसे मामले शामिल थे। आईजी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

## रामलाल शर्मा का 500 फुट का साफा बांधकर किया भव्य स्वागत, मालेश्वर मंदिर सड़क के लिए 4 करोड़ की घोषणा



सांध्य ज्योति न्यूज

**चौमूं।** गुरुवार को सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमूं एवं ग्रामवासियों द्वारा भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक विकास पुरुष रामलाल शर्मा का राजस्थान के बजट में महारकलां स्थित मालेश्वर नाथ मंदिर के विकास के लिए 4 करोड रुपए स्वीकृत करने पर कावड़ संघ के कार्यकर्ताओं और महारकलां ग्रामवासियों ने 500 फुट का साफा बांधकर माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। सुभाष सर्किल से कावड़ संघ व महारकलावासी जुलूस के रूप में ढोल नगाड़ों पुष्प वर्षा से आतिशबाजी के साथ कार्यालय पहुंचे। 4 करोड़ के विकास की घोषणा से सभी का मन प्रफुल्लित था। भाजपा मुख्य प्रवक्ता विकास पुरुष रामलाल शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं और मालेश्वर नाथ मंदिर पुजारी द्वारा विकास कार्यों के लिए मुलाकात की थी, जिसे मैने राज्य सरकार से विकास कार्यों के लिए मांग की थी। सरकार द्वारा बजट घोषणा में मालेश्वर नाथ मंदिर के लिए 4 करोड़ रूपये की घोषणा किए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।



**कारोबार :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में स्नो फेस्टिवल में गर्म कपड़े बेचता वेंडर।

# धनकुबेर निकला सीजीएसटी का घूसखोर निरीक्षक

## सीबीआई ने दर्ज किया मामला

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जोधपुर, 13 फरवरी।** जोधपुर में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सीजीएसटी इंस्पेक्टर अंकित असवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई सीबीआई एसीबी जोधपुर को मिली शिकायत के आधार पर की गई। आरोप है कि जनवरी, 2020 से 18 जनवरी, 2024 के बीच उन्होंने अपनी ज्ञात आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की। जांच में सामने आया कि इस अवधि में अंकित असवाल और उनके परिवार की कुल कानूनी आय करीब 1.32 करोड़ रुपए थी। इसमें वेतन, संपत्ति की बिक्री और बैंक कर्ज शामिल हैं। वहीं इसी अवधि में उन्होंने 1.94 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की और खर्च किया। यह राशि उनकी आय से 61.80 लाख रुपए अधिक बताई गई है जो करीब 46.76 प्रतिशत %यादा है

### जयपुर में खरीदे महंगे भूखंड

सीबीआई के अनुसार अंकित असवाल ने अपने और भाई संजय के संयुक्त नाम से जयपुर में फरवरी, 2020 में 1.40 करोड़ रुपए का भूखंड खरीदा। सितंबर, 2022 में 26 लाख और दिसंबर, 2022 में 11.21 लाख रुपए का एक और प्लॉट लिया गया। इसके अलावा घर का सामान, कैश, एफडीआर, बैंक बैलेंस और शेयर भी जांच में सामने आए हैं।





### पहले भी रिश्वत केस में गिरफ्तारी

वर्ष 2024 में सीबीआई ने अंकित असवाल को 10 लाख रुए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। ट्रैप ऑपरेशन में मध्यस्थ सोनू और अशोक को रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों से आय से अधिक संपत्ति की जानकारी मिली जिसके बाद यह नया मामला दर्ज हुआ। इस केस में आईआरएस अधिकारी संदीप पायल का नाम भी सामने आया था।

### कई जगह रही तैनाती, जांच जारी

अंकित असवाल ने 2012 में सूरत कमिश्नरेट से सेवा शुरू की थी और बाद में डीजीजीआई, जयपुर, सीजीएसटी, दिल्ली और एसईजेड, जयपुर में तैनात रहा। सीबीआई का कहना है कि संपत्ति का संतोषजनक हिसाब नहीं दिया गया है।

# देश की सत्ता का केन्द्र आज से बदलेगा

## पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** प्रधानमंत्री ऑफिस का नया पता होगा सेवा तीर्थ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। सेवा तीर्थ परिसर दारा शिकोह रोड पर है। यह लगभग 2.26 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में स्थित है। इसे लगभग 1189 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। नए बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स मॉडर्न और भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के अंदर प्रशासनिक कार्यों को एक साथ करके इन समस्याओं का समाधान करते हैं। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय बने हुए हैं जो पहले अलग-अलग जगहों पर थे। यह पूरी तरह से एक स्मार्ट ऑफिस है जहां हाई स्पीड इंटरनेट, पेपरलेस वर्क कल्चर के लिए डिजिटल आर्काइव्स और अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम मौजूद हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज दिगी में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करेंगे। वे शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ में कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि मोदी शुक्रवार को दोपहर करीब 1.30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का नामकरण





करेंगे। इसके बाद वे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह भारत के प्रशासनिक शासन संरचना में एक बड़ा बदलाव लाने वाला मील का पत्थर है।? और यह प्रधानमंत्री के एक मॉडर्नए कुशलए सुलभ और नागरिक.केंद्रित गवर्नेंस इकोसिस्टम बनाने के कमिटमेंट को दिखाता है।

### सेवा तीर्थ में क्या है खास

सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय हैं जो पहले अलग-अलग स्थानों पर स्थित थे। परिसर में कुल तीन मुख्य इमारतें हैं सेवा तीर्थ-1 जहां प्रधानमंत्री कार्यालय का मुख्यालय है। सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय है जबकि सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के कार्यालय हैं। साउथ और नॉर्थ ब्लॉक को खाली कर उन्हें सार्वजनिक उपयोग के लिए संग्रहालयों में बदलने की योजना है। नॉर्थ ब्लॉक में युगे युगीन संग्रहालय के लिए काम शुरू भी कर दिया गया है। कर्तव्य भवन 1 और 2 में कानून, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, कृषि और कई अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कार्यालय स्थित हैं।

### आखिरी बार कैबिनेट की बैठक

साउथ ब्लॉक में पहली कैबिनेट बैठक पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की अध्यक्षता में 15 अगस्त, 1947 को हुई थी और अब 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां अंतिम कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। वैसे कैबिनेट की बैठकें प्राय प्रधानमंत्री निवास सात लोक कल्याण मार्ग पर होती आई हैं जहां कैबिनेट की बैठकों के लिए एक अलग कक्ष बनाया गया है लेकिन सेवा तीर्थ शिफ्ट होने से पहले साउथ ब्लॉक में आखिरी बार कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है।

## नरवणे किताब कांड में पब्लिशर से पूछताछ

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की किताब के कथित लीक मामले में पेंगुइन इंडिया के अधिकारियों से लगातार दो दिन तक पूछताछ की है। सूत्रों के मुताबिक दोनों दिन कई घंटों तक पूछताछ चली जिसमें जांचकर्ताओं ने मैन्युस्क्रिप्ट और उसकी डिजिटल फाइलों की हैंडलिंग और सर्कुलेशन के बारे में डिटेल में जानकारी मांगी। जांच आगे बढ़ने पर आने वाले दिनों में पब्लिशिंग हाउस के प्रतिनिधियों को फिर से बुलाया जा सकता है। जांच अभी दो अलग-अलग लाइनों पर की जा रही है। जांच की पहली लाइन किताब के पीडीएफ वर्जन से जुड़ी है जो कथित तौर पर इसकी ऑफिशियल रिलीज से पहले सामने आया था। जांच की दूसरी लाइन किताब की एक हार्ड कॉपी से जुड़ी है जिसे विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में दिखाया था।

## लाइसेंस रिन्यूअल करवाने आए युवक का अपहरण

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**अजमेर, 13 फरवरी।** अजमेर में आरटीओ ऑफिस के बाहर से युवक का किडनैप हो गया। बदमाश युवक को कार में डालकर सुनसान जगह पर ले गए और मारपीट की। उसकी सोने की चेन और नगदी लेकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस के अनुसार बजरंग कॉलोनी फॉयसागर रोड निवासी सुनील राका ने मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपना ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल करवाने के लिए आरटीओ ऑफिस गया था। आरटीओ ऑफिस के बाहर सभी दुकान बंद हो गई थी। सिर्फ एक चाय की दुकान खुली हुई थी। उस दौरान उसका बीपी लो हो गया था।

## भारतीय पासपोर्ट का रुतबा बढ़ा

# रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** भारतीय पासपोर्ट की ग्लोबल रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है। इसने हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में जबरदस्त छलांग लगाई है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की रैंकिंग दिखाने वाली इस सूची में भारतीय पासपोर्ट 10 पायदान ऊपर चढ़कर 75वें नंबर पर पहुंच गया है। पिछले साल भारतीय पासपोर्ट इस रैंकिंग में 85वें नंबर पर था। 10 पायदान की छलांग का सीधा मतलब है कि अब भारतीय लोगों को विदेश यात्रा में पहले से बेहतर सुविधा मिल रही है और अब %यादा देशों में उन्हें वीजा फ्री एंट्री मिल रही है या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिल रही है।

**बिना वीजा कर सकते हैं 56 देशों की यात्रा :** जो भारतीय विदेश यात्राओं के शौकीन रहे हैं





और उनके लिए ये अ%छी खबर है कि अब %यादा देश उन्हें वीजा फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा दे रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारतीय पासपोर्ट के साथ आप अब 56 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा कर सकते हैं यानि उन्हें वीजा फ्री एंट्री मिलेगी या फिर विदेश पहुंचने के बाद उन्हें वीजा दिया जाएगा। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स पासपोर्टों को इस आधार पर रैंक करता है कि उनके धारक कितने देशों में बिना वीजा प्रवेश कर सकते हैं। रैंक जितनी ऊंची होती है, उस देश के नागरिकों के लिए वैश्विक स्तर पर यात्रा करना उतना ही आसान माना जाता है।

### 2006 में 71वें नंबर पर था भारत

इस साल की छलांग बहुत पॉजिटिव है लेकिन लंबे समय में भारतीय पासपोर्ट का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। बीते साल की तुलना में यह मजबूत हुआ है लेकिन अब भी अपने सर्वोच्चच स्तर पर नहीं पहुंचा है। भारतीय पासपोर्ट की अब तक की सबसे बेहतर रैंकिंग 71वीं रही है जो 2006 में दर्ज की गई थी।

## जंगली हाथियों ने 6 को मार डाला

**हजारीबाग, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** झारखंड के हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड और आसपास के मांडू विधानसभा क्षेत्रों में जंगली हाथियों का कहर जारी है। बीती रात यहां जंगली हाथियों ने 6 लोगों को जान ले ली जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से एक हाथियों का झुंड लगातार जानमाल का नुकसान कर रहा है। स्थानीय लोग लगातार प्रशासन से इस हाथियों से छुटकारा दिलाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। चुरचू प्रखंड के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में हाथियों ने अलग-अलग घटनाओं में कई ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला है। ताजा घटना बीती रात की है जहां एक ही गांव के 6 लोगों की हत्या हाथियों ने कर दी। लोगों ने बताया कि 18 से %यादा हाथियों



का एक झुंड पिछले कुछ समय से यहां सक्रिय है जो लगातार घर और फसलें नष्ट कर रहा हैं। ये हाथियों का झुंड जहां से गुजरता है, वहां रास्ते में आने वाले फसलों, घरों और लोगों को रौंदता हुआ निकल जाता है।

## दिल्ली में मुठभेड़, तीन बदमाश घायल

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में देर रात दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (शकरपुर टीम) और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि मेरठ के कुख्यात आसद गैंग का सरगना अपने साथियों के साथ उस्मानपुर क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके में घेराबंदी की। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन संदिग्ध बदमाश वहां पहुंचते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। खुद को पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की टीम ने भी गोली चलाई जिसमें तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें मौके पर ही काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की एक गोली एक सब इंस्पेक्टर को छूते हुए निकल गई जिससे वह बाल-बाल बच गए। घायल तीनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**कोटा में 30 लाख की नशे की खेप पकड़ी**

## एमपी से पंजाब ले जा रहे थे 196 किलो डोडा चूरा, बेरिकेट तोड़कर भागे, 2 तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** कोटा जिले की चेचट थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी खिलाफ कार्रवाई की है। टीम ने एक लग्जरी कार से 196 किलो 260 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। जिसकी बाजार कीमत करीब तीस लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी के आरोप में पंजाब निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। नशे की ये खेप मध्य प्रदेश (एमपी) से पंजाब ले जाई जा रही थी। तस्करी के खिलाफ चेचट पुलिस की तीन दिन में दूसरी कार्रवाई है। ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया- अवैध हथियार, अवैध मादक के खिलाफ कार्रवाई के लिए ऑपरेशन क्लीन स्विप अभियान चला रखा है। अभियान के तहत पुलिस की टीम द्वारा दिल्ली वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज चेचट पर नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान भानपुरा एमपी की तरफ से एक दिल्ली नंबर की लग्जरी कार आई। नाकाबंदी व पुलिस को देखकर कार ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी। बैरिकेट तोड़ता हुआ आगे निकल गया। पुलिस की टीमों ने पीछा किया हड़बढ़ाहट में तस्कर की कार पत्थरों व रोड लाइट के खम्भे से टकराकर गई। पुलिस ने 500 मीटर पीछा करने के बाद दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम रतन कुमार (40), दूसरे ने महिपाल सिंह (33) निवासी थाना खनोरी जिला संगरूर (पंजाब) का होना बताया। तलाशी में कार से 10 प्लास्टिक के कट्टो में 196 किलो 260 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया।आरोपियों ने नशे की खेप शामगढ़ (मध्य प्रदेश) से खनोरी जिला संगरूर पंजाब ले जाना बताया। रतन के खिलाफ दो व महिपाल के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज है। एसपी सुजीत शंकर ने बताया की इससे पहले 10 फरवरी को भी दिल्ली नंबर की कार से 123 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया था।

## 11 साल से फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

### डीएसटी और रुदावल थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 11 हजार का इनाम घोषित था

**बंसी पहाड़पुर, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** भरतपुर की जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) और रुदावल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 साल से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी कई सालों से अलग-अलग मामलों में न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट के तहत वांछित थे। डीएसटी टीम प्रभारी पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार और हेड कांस्टेबल दाताराम के नेतृत्व में गठित टीम ने बोकौली मोड़ क्षेत्र में दबिश दी। यहां से वांछित आरोपी अमरसिंह बेटा हरविलास उर्फ बीरबल, निवासी चचोखर, थाना बसई डांग, जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। अमरसिंह पिछले लगभग 11 सालों से फरार था और उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया था। उसकी गिरफ्तारी पर 1000 रुपए का इनाम भी घोषित था।

इसी कार्रवाई के दौरान, एक अन्य मामले में वांछित आरोपी अर्जुनसिंह पुत्र मुकन्दी, जाति जाटव, निवासी भीमनगर, थाना कोतवाली बयाना को भी पकड़ा गया। अर्जुनसिंह भी लंबे समय से स्थायी वारंट में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इस संयुक्त कार्रवाई में थानाधिकारी नरेश चंद्र शर्मा, उप निरीक्षक घनश्याम, कांस्टेबल बबलू सिंह और कांस्टेबल छत्रपाल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सीकर से दो युवतियां लापता

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**सीकर, 13 फरवरी (एजेन्सी)।** सीकर जिले में दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सामने आए इन मामलों ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। एक मामले में परीक्षा देने गई युवती वापस नहीं लौटी तो दूसरे मामले में दूसरे गांव जाने की कहकर युवती घर वापस नहीं पहुंची। पुलिस दोनों मामलों में जांच में जुटी है और युवतियों की तलाश के प्रयास जारी हैं। पहला मामला 18 साल की युवती के लापता होने का है। युवती परीक्षा देने के लिए गई थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। युवती के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 11 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे अपनी बहन को परीक्षा दिलवाने के लिए कॉलेज के गेट पर छोड़कर आया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने कॉलेज परिसर और रिश्तेदारी में पूछताछ की लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दूसरे गांव जाने निकली थी

दूसरा मामला 21 साल की युवती से जुड़ा है। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि 7 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे उनकी बेटी दूसरे गांव जाने की बात कहकर घर से निकली थी। हालांकि वह न तो बताए गए गांव पहुंची और न ही वापस घर लौटी। पिता ने एक युवक पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया है कि वह उनकी बेटी को अपने साथ ले जा सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर संभावित स्थानों पर तलाश शुरू कर दी है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोनों घटनाओं के बाद परिवारों में चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि युवतियों की जल्द से जल्द तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और हर पहलू से जांच की जा रही है।

# महामंडलेश्वर पर राजस्थान की युवती ने लगाया रेप का आरोप

भोपाल, 13 फरवरी (एजेन्सी)। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर राजस्थान निवासी एक युवती ने दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई मेल भेजकर सुरक्षा की मांग भी की है। पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज करवाने की भनक लगते ही उसे धमकियां मिलने लगी हैं। उत्तम स्वामी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। उनके करीबी लोग समझौते का दबाव बना रहे हैं। युवती ने ई मेल में लिखा है कि उसके और उसके परिवार के बारे में बेहद निजी जानकारी रखी जा रही है। उसे नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका है।

### धर्म की आड़ में कई साल किया यौन शोषण

युवती ने आरोप लगाया है कि उत्तम स्वामी कई साल से उसका यौन शोषण कर रहा था। जब वह नाबालिग थी तभी से धर्म की आड़ में उसके साथ गलत काम किए गए। उसने विरोध किया तो उसे डराया-धमकाया गया। उत्तम स्वामी के प्रभाव के कारण लंबे समय तक वह शिकायत नहीं कर सकी। पीड़िता ने यह भी कहा है कि उसके पास आरोपों से जुड़े सबूत हैं और वह कानून की मदद लेना चाहती है। उसने आशंका जताई है कि आरोपी के प्रभाव के कारण साक्ष्यों से छेड़छाड़ की जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक अजय शर्मा, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 | आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com